दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

नवादा से प्रकाशित • नवादा, शनिवार 25 जुलाई 2026 • वर्ष : 04 अंक : 1131



## संक्षिप्त खबरें ।

### दिल्ली में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चलाई थी पैलेट गन, पीड़ित के साथ सामने आए राहुल गांधी



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** दिल्ली में 20 जुलाई को प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने छात्रों पर पैलेट गन का इस्तेमाल किया था. यह खुलासा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किया है. शुक्रवार को राहुल गांधी प्रदर्शन में पैलेट गन से घायल हुए एक छात्र को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे. छात्र ने अपना नाम साहिल बताया. साहिल के मुताबिक प्रदर्शन के दौरान उन पर पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया था। राहुल ने कहा कि सबूत आप सबके सामने है. वहीं दिल्ली पुलिस ने पैलेट गन चलाने की बात को अभी तक खारिज किया है. पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं किया गया।

**20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान चली थी पैलेट गन :** राहुल गांधी के मुताबिक 20 जुलाई को जब संसद मार्च के दौरान छात्र प्रदर्शन कर रहे थे, तब उन्हें कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने पैलेट गन का इस्तेमाल किया था. आमतौर पर प्रदर्शनकारियों पर पुलिस पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं करती है। गृह मंत्रालय ने एक सवाल के जवाब में 2018 में कहा था कि जब भीड़ को कंट्रोल करने के सारे तरीके फैल हो जाते हैं तब पुलिस को पैलेट गन इस्तेमाल की इजाजत दी जाती है।

**एक्शन से पहले पुलिस ने नहीं दी थी चेतावनी:** हाई कोर्ट में दिल्ली प्रदर्शन के मामले में 2 दिन पहले सुनवाई हुई थी. इस दौरान वरिष्ठ वकील एन हरिहरन का कहना था कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर एक्शन से पहले कोई चेतावनी नहीं दी थी. हरिहरन का कहना था कि प्रदर्शन के दौरान एक्शन से पहले चेतावनी देना जरूरी है. पुलिस ने इसका पालन नहीं किया। कोर्ट में यह भी दलील दी गई कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के साथ गुंडे जैसा व्यवहार किया. वहीं प्रदर्शनकारियों के हंगामे को लेकर दिल्ली पुलिस ने 10 एफआईआर दर्ज की है. इन मुकदमों में पुलिस ने किसी को भी नामजद आरोपी नहीं बनाया है।

# क्या बदलेगी मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की जिम्मेदारी? कैबिनेट बैठक से पहले पीएम मोदी के संकेतों से बढ़ी अटकलें

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर देशभर में हो रहे छात्र प्रोटेस्ट और संसद में विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार देर रात बड़े संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को होने वाली केंद्रीय कैबिनेट बैठक में पेपर लीक के मामलों में फास्ट-ट्रैक कोर्ट और सख्त सजा के प्रावधान वाले कानून के मसौदे पर चर्चा की जाएगी। सोशल मीडिया पर लगभग तीन मिनट का वीडियो संदेश जारी करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कोई मामूली मुद्दा नहीं है। इससे लाखों छात्रों और उनके माता-पिता को बहुत दुख हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि कथित नीट पेपर लीक के बाद सरकार की पहली प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना थी कि छात्रों का एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह पक्का करना था कि स्टूडेंट्स का एकेडमिक साल बर्बाद न हो। जल्द से जल्द परीक्षा कराना जरूरी था। सरकार ने करीब 22 लाख छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करने के लिए अपनी पूरी प्रशासनिक मशीनरी झोंक दी थी। परिणाम 19 जुलाई को घोषित किए गए। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने कम से कम समय में लगभग 22 लाख छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित करने के लिए अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल किया। सिर्फ चार-पांच दिन पहले, 19 तारीख को रिजल्ट घोषित हुए और देशभर से सफल अभ्यर्थियों के अपनी उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं।



### पीएम मोदी ने वीडियो के जरिए दिया मैसेज

गुरुवार देर रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वीडियो संदेश जारी कर छात्रों और देशवासियों को सरकार की रणनीति से अवगत कराया. पीएम मोदी ने कहा कि मैं जानता हूं कि पेपर लीक कोई छोटी-मोटी बात नहीं है. यह लाखों छात्रों और उनके माता-पिता के लिए बेहद दुखद है. पेपर लीक के गुनहगारों को पकड़ा गया है, वे जेल में पड़े हैं. हमारा सबसे महत्वपूर्ण जिम्मा था कि विद्यार्थियों का एक वर्ष बर्बाद न हो. तत्काल परीक्षाएं लेना बहुत जरूरी था।

**पीएम मोदी फ्रंटफुट पर उतरकर संभाला मोर्चा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फ्रंटफुट पर उतरे और अपने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. पेपर लीक के दोषियों को सज़ा दिलाने के लिए सरकार ने फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे. युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. फास्ट ट्रैक कोर्ट का मकसद यह होगा कि पेपर लीक के दोषियों को जल्दी और सख्त सजा मिल सके. मामलों के निपटारे में देरी न हो, इसके लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

**छात्र आंदोलन:** पीएम मोदी के सख्त रुख के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय, कानून मंत्रालय और संबंधित विभागों ने मिशन मोड में काम शुरू किया. सरकार ने चार राज्यों में फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का ऐलान कर दिया गया. कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने स्पष्ट किया कि दिल्ली, बॉम्बे, कलकत्ता और मध्य प्रदेश हाई कोर्ट्स के अधिकार क्षेत्र में विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतें स्थापित करने की तैयारी की जा रही है. इन अदालतों में मामलों की हर रोज सुनवाई होगी।

**प्रशासनिक फेरबदल और पीएम का कड़ा संदेश:** मोदी सरकार ने पेपर लीक के मुद्दे पर शिक्षा विभाग में बड़े बदलाव और प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय करने से हुई. केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नरेश गंगवार को नया शिक्षा सचिव नियुक्त किया, जबकि विनीत जोशी को पद से हटाकर पंचायती राज विभाग में ट्रांसफर कर दिया गया. विनीत जोशी को शिक्षा विभाग से हटाकर मोदी सरकार ने छात्रों का सियासी संदेश देने की कवायद की।

## भाजपा की उलटी रणनीति



**लोकतंत्र की आवाज**

**नईदिल्ली।** ऐसा लग रहा है कि भाजपा और उसकी सरकार आजकल जो भी रणनीति बनाती है वह उलटी पड़ रही है। सोनम वांगचुक को जंतर मंतर से उठवाने की रणनीति हो या छात्रों पर लाठीचार्ज की रणनीति हो दोनों का उलटा असर हुआ है। ऐसे ही राहुल गांधी के प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन करने के खिलाफ भाजपा की ओर से राज्यों में कांग्रेस कार्यालयों पर प्रदर्शन की रणनीति भी उलटी पड़ती दिख रही है।

इससे यह मैसेज जा रहा है कि भाजपा को अपने खिलाफ प्रदर्शन पसंद नहीं है और चाहे कितना भी बड़ा मुद्दा हो उस पर प्रदर्शन होगा तो भाजपा उसके खिलाफ प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस कार्यालयों पर भाजपा के प्रदर्शन के छात्र और युवा अपने खिलाफ प्रदर्शन मान रहे हैं। वे भाजपा से पूछ रहे हैं कि क्या वह छात्रों और युवाओं से लड़ना चाहती है? उनका कहना है कि राहुल उनकी बात लेकर प्रदर्शन करने गए थे और वह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं था फिर क्यों भाजपा उसे राजनीतिक रंग दे रही है।

पटना में इसकी गूंज सबसे ज्यादा सुनाई दी। प्रधानमंत्री आवास पर राहुल गांधी के प्रदर्शन के खिलाफ भाजपा ने बिहार में कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पर प्रदर्शन करने का फैसला किया। सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे। लेकिन वहां कांग्रेस के कार्यकर्ता भी तैयार थे उनकी भिड़त हो गई। जिस समय यह प्रदर्शन हो रहा था उसी समय सैकड़ों की संख्या में छात्र पटना में अलग प्रदर्शन कर रहे थे।

उन्होंने कई घंटे तक जेपी गोलम्बर से लेकर डाकबंगाल चौराहा और मुख्यमंत्री आवास के आसपास प्रदर्शन किया। छात्रों के साथ ही भाजपा का प्रदर्शन भी जुड़ गया। ऐसा लगा, जैसे भाजपा छात्रों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। ध्यान रहे पटना की बांकीपुर सीट पर उपचुनाव हो रहा है, जो नितिन नवीन की सीट है और जहां से प्रशांत किशोर चुनाव लड़ रहे हैं। बहरहाल, भाजपा वे उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। वहां भी भाजपा के इस प्रदर्शन का सकारात्मक संदेश नहीं है।

# सोनम वांगचुक के उपवास तोड़ने को कैसे देखा जा रहा है? उनके फैसले की तारीफ और आलोचना, दोनों क्यों हो रही हैं?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में गुरुवार देर रात अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी. इस पर हर तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं. अधिकांश लोगों ने उनके उपवास तोड़ने के फैसले का स्वागत किया है, जबकि कई अन्य लोगों ने इसे निराशाजनक बताया. वहीं वांगचुक की पत्नी गीतांजलि की राहुल गांधी के पीएम आवास के बाहर किए गए विरोध प्रदर्शन को ईमानदार नहीं बताए जाने पर भी कुछ लोगों ने प्रतिक्रिया दी है. गीतांजलि ने कहा था कि राहुल गांधी को जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के साथ खड़ा होना चाहिए था. जनता को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता।



26 दिन तक चले भूख हड़ताल को खत्म करने के बाद सोनम वांगचुक ने कप से घूंट लेकर उपवास तोड़ा और कहा कि वह इस फैसले से खुश हैं. साथ ही उन्होंने सभी समर्थकों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की हिंसा से दूर रहने की अपील की।

वांगचुक ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ हुई बातचीत तथा आगे संवाद की सहमति के बाद उन्होंने यह फैसला लिया।

**फैसले पर कैसी प्रतिक्रिया?:** अनशन समाप्त होने के बाद सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। वांगचुक के समर्थकों, कई शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनका जीवित और स्वस्थ रहना आंदोलन के लिए ज्यादा जरूरी है. उनका तर्क है कि लंबी लड़ाई लड़ने के लिए नेतृत्व का सुरक्षित रहना आवश्यक है। कई लोगों ने लिखा कि अनशन खत्म होना आंदोलन का अंत नहीं बल्कि बातचीत के नए दौर की शुरुआत है।

सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, "यह देखकर अच्छा लगा कि मामला बातचीत की ओर बढ़ रहा है. मैं वांगचुक जी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं और उम्मीद करता हूं कि सभी पक्ष मिलकर शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए काम करेंगे।

**कुछ समर्थकों ने निराशा भी जताई:** दूसरी ओर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर निराशा जताई. उनका कहना है कि आंदोलन की सभी प्रमुख मांगों पर ठोस लिखित आश्वासन मिलने से पहले अनशन समाप्त नहीं होना चाहिए था।

# पेपर लीक पर संशोधित बिल को मोदी कैबिनेट की मंजूरी, 10 साल जेल और ₹10 करोड़ जुर्माने का प्रावधान

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** पेपर लीक विवाद और छात्रों के जारी आंदोलन के बीच शुक्रवार को केंद्र सरकार ने दो मोर्चों पर एक साथ सक्रियता दिखाई है. एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (CCS) और कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (CCEA) की बैठकों के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक हुई जिसमें संसोधित पेपर लीक बिल के मसौदे पर चर्चा पर चर्चा हुई और उसे मंजूरी दी गई।

वहीं दूसरी ओर, आंदोलन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के मंत्रियों के बीच नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में बातचीत हुई।



कैबिनेट बैठक में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 को और सख्त बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई. सरकार अगले सप्ताह मानसून सत्र के दौरान इस संशोधित विधेयक को संसद में पेश करने की तैयारी में है. पेपर लीक माफियाओ के ख़िलाफ़ कड़े प्रावधान होंगे. स्पेशल फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट लीगल बैंकिंग मिलेगी और फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट को यह अधिकार होगा कि वह तीन महीनों में जांच कर फैसला दे. इसके अलावा पेपर लीक मामले में 10 साल की सज़ा और 10 करोड़ का जुर्माना का प्रावधान होगा। इससे पहले पीएम ने कहा था कि "पेपर लीक कोई मामूली मामला नहीं है." उन्होंने कहा कि यह लाखों छात्रों और उनके परिवारों के भविष्य से जुड़ा विषय है और सरकार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लाने जा रही है।

### सीजेपी के साथ वार्ता

उधर, छात्रों के आंदोलन के बीच CJP और केंद्र सरकार के बीच बातचीत को भी अहम माना जा रहा है. CJP ने पहले मंत्रियों के सरकारी आवास या कार्यालय में बैठक से इनकार करते हुए किसी तटस्थ स्थान पर वार्ता की मांग की थी. इसके बाद कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में बैठक आयोजित की गई. CJP की ओर से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों की जवाबदेही तय करने और आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने जैसी प्रमुख मांगें उठाई जा रही हैं।

# इराक में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर 7 जोरदार धमाके, दुनिया में मची खलबली

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** उत्तरी इराक में अमेरिकी सेना के सैन्य ठिकाने के पास हुए लगातार धमाकों ने एक बार फिर क्षेत्रीय तनाव को बढ़ा दिया है। यह घटनाएं उस समय सामने आईं जब अमेरिका ने ईरान के खिलाफ चलाए गए अपने लगातार सैन्य अभियानों को समाप्त करने की घोषणा की थी। इराक के अर्ध स्वायत्त कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में सुबह के समय कई तेज विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार, स्थानीय समय करीब सुबह 9:30 बजे इरबिल में कम से कम सात धमाके हुए। इसके बाद अमेरिकी सैन्य अड्डे के आसपास और अंदर के क्षेत्रों से कई स्थानों पर काले धुएं के गुबार दिखाई दिए। हालांकि शुरुआती जानकारी में नुकसान या हताहतों की पूरी पुष्टि नहीं हो सकी है।



**अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दी अभियान की जानकारी:** अमेरिकी केंद्रीय कमान यानी सेंटकॉम ने बताया कि ईरान की उन क्षमताओं को कमजोर करने के उद्देश्य से कार्रवाई की गई, जिनके जरिए वह क्षेत्र में मौजूद नागरिक और वाणिज्यिक जहाजों को खतरा पहुंचा सकता है। अमेरिका की यह कार्रवाई रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी तनाव के बीच हुई है। यह समुद्री मार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि शांति के समय दुनिया के तेल और गैस व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। सेंटकॉम के अनुसार, शुक्रवार सुबह स्थानीय समयानुसार करीब 5 बजे रातभर चला सैन्य अभियान समाप्त कर दिया गया। वहीं बहरीन ने भी सुरक्षा को देखते हुए अपने सायरन सक्रिय किए और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी।

**अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष गहराया:** इरबिल में हुए धमाकों के बीच अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य तनाव लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है। दोनों देशों के बीच संघर्ष का केंद्र होर्मुज जलडमरूमध्य पर प्रभाव और नियंत्रण को लेकर बना हुआ है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, अमेरिका की ताजा कार्रवाई में कई लोगों की मौत हुई है और कुछ लोग घायल हुए हैं। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

**ईरान के कई इलाकों में हमलों की खबर:** ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने शुक्रवार सुबह ईरान के उत्तर में स्थित रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसैनिक ठिकाने को निशाना बनाया। इसके अलावा क़ेशम द्वीप पर भी धमाकों की खबर सामने आई, जहां ईरान की नौसैनिक गतिविधियों और ड्रोन से जुड़ी संपत्तियों के होने की जानकारी दी जाती है।

**खुज़ेस्तान और फ़ार्स प्रांत में भी हमले की रिपोर्ट:** रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के खुज़ेस्तान और फ़ार्स प्रांत में भी सैन्य कार्रवाई हुई। ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि अहवाज़ के बाहरी इलाके में करुण नदी के पास हुए मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हुई और पांच लोग घायल हुए। इसके अलावा पश्चिमी ईरान के लोरेस्तान प्रांत में हुए हमले में दो लोगों के घायल होने की जानकारी दी गई।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बिना पेपर लीक पर कोई चर्चा नहीं होगी- राहुल गांधी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक मामले पर चर्चा को लेकर कहा कि जबतक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे विपक्ष बहस में भाग नहीं लेगा. राहुल गांधी ने संसद परिसर में कहा कि लोकसभा में मुझे बोलने नहीं दिया गया. राहुल ने कहा कि इस्तीफा के बिना कोई चर्चा नहीं होगी।

गौरतलब है कि आज लोकसभा में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी से अपील की थी कि वो अपने सांसदों से कहें कि वो चर्चा में भाग लें. इसके कुछ देर बाद राहुल गांधी अपने स्थान पर बोलने के लिए खड़े हुए लेकिन चेयर ने उन्हें कहा कि स्थगन प्रस्ताव को लेकर कुछ नोटिस है, उसपर बात कर लेने के बाद आपको मौका देते हैं. इसके कुछ देर बाद ही हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। राहुल गांधी ने इसके बाद संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी रिजिजू जी ने कहा कि वो चाहते हैं कि हम अपने सांसद से कहें कि चर्चा होने दे।



कांग्रेस नेता ने कहा कि अब नॉर्मल प्रोटोकॉल होता है कि अगर कोई किसी का नाम लेता है तो उसपर जवाब वो शख्स दे। राहुल ने कहा कि जब मैं उसका जवाब देना चाह रहा था फिर मुझसे माइक ले लिया, मुझे बोलने नहीं दिया गया. उन्होंने कहा कि विपक्ष का स्टैंड साफ है कि इस मामले में जबतक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देंगे कोई चर्चा नहीं होगी. उन्होंने विपक्ष की तीनों मांग दोहराई. राहुल ने कहा कि जिनलोगों ने छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की है उनके खिलाफ भी एक्शन हो।

# क्या है DRDO की 'कुशा' मिसाइल? जानिए कितनी ताकतवर है भारत की नई एयर डिफेंस प्रणाली

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने वीरवार को ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली 'कुशा' मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने उच्च गति और अधिक ऊंचाई पर उड़ रहे इलेक्ट्रॉनिक लक्ष्य को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर अपनी क्षमता साबित की। 'कुशा' भारत की स्वदेशी एयर डिफेंस प्रणाली का अहम हिस्सा है, जिसे दुश्मन के हवाई हमलों से देश की सुरक्षा के लिए विकसित किया गया है।



**कुशा मिसाइल की प्रमुख खासियतें:** लंबी दूरी तक हमला करने की क्षमता, 'कुशा' लंबी दूरी से आने वाले हवाई खतरों को निशाना बनाने के लिए विकसित की गई है। यह दुश्मन के लक्ष्य को काफी दूरी से ही नष्ट कर सकती है।

**यह प्रणाली केवल लड़ाकू विमानों तक सीमित नहीं है। यह निम्नलिखित लक्ष्यों को भी निशाना बना सकती है-** लड़ाकू विमान, क्रूज मिसाइल, मानव रहित हवाई वाहन (ड्रोन/यूएवी), बड़े सैन्य विमान, अन्य उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य

**पहला परीक्षण क्यों है खास?:** पहले ही उड़ान परीक्षण में 'कुशा' ने तेज गति और ऊंचाई पर उड़ रहे इलेक्ट्रॉनिक लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट किया। इससे स्पष्ट हुआ कि प्रणाली वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकती है।

**भारत के लिए क्यों अहम है 'कुशा'?:** आयात पर निर्भरता होगी कम: अब तक लंबी दूरी की एयर डिफेंस प्रणाली के लिए भारत को विदेशी तकनीक पर निर्भर रहना पड़ता था। 'कुशा' के सफल विकास से यह निर्भरता काफी कम होगी।

स्वदेशी रक्षा क्षमता होगी मजबूत: इस परियोजना के अधिकांश प्रमुख उपकरण—मिसाइल, रडार और कमांड सिस्टम—डीआरडीओ और भारतीय उद्योगों ने मिलकर विकसित किए हैं। इससे 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी मजबूती मिलेगी।

# बंगाल: BSF जवान ने कैंप में की ताबड़तोड़ फायरिंग, दो साथियों की मौत; एक बिहार तो दूसरे महाराष्ट्र के

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मालदा ।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में स्थित BSF कैंप से एक बड़ी खबर सामने आई है. यहां बीएसएफ के एक जवान ने साथियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इस घटना में बीएसएफ के दो जवान की मौत हो गई। घटना गुरुवार को मालदा जिले के बैष्णबनगर स्थित बीएसएफ कैंप की है। बताया गया कि एक जवान ने घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें दो साथी जवानों की मौत हो गई. इस चौंकाने वाली घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



**जिस जवान ने मारी गोली, वो पहले भी कर चुका था फायरिंग:** बीएसएफ सूत्रों के मुताबिक, दो जवानों की जान चली गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. सूत्रों ने बताया कि आरोपी जवान पर एक साल पहले भी अपने साथियों पर फायरिंग करने का आरोप लगा था और उसे बीएसएफ कानून के तहत सजा दी गई थी. वह सजा कुछ दिन पहले ही खत्म हुई थी, जिसके बाद यह ताजा घटना हुई।

**आरोपी जवान शिवम मिश्रा छत्तीसगढ़ का रहने वाला :** मालदा के बिधाननगर में बीएसएफ की 119वीं और 71वीं बटालियन का मुख्यालय है. गुरुवार दोपहर को शिवम मिश्रा ने वहां अपने साथियों पर फायरिंग की. वह छत्तीसगढ़ का रहने वाला है।

**बिहार के छपरा और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के जवान की मौत:** मृतकों की पहचान बिहार के छपरा जिले के मांझी के रहने वाले 51 वर्षीय अजय कुमार सिंह और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के रहने वाले 37 वर्षीय अंबादर सुरेश डारगु के तौर पर हुई है. घायल जवान, पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के मोहंदा गांव के 44 वर्षीय विकास ब्रह्म अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गया : कोंच थाना को मिले नए थानाध्यक्ष, आलोक रंजन संभालेंगे कमान




**कोंच (गया)।** कोंच थाना में थानाध्यक्ष स्तर पर बदलाव किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार कानून–व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह फेरबदल किया गया है। नए आदेश के तहत आलोक रंजन को कोंच थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि वर्तमान थानाध्यक्ष सुदेह कुमार को मेडिकल थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जल्द ही नए थानाध्यक्ष द्वारा पदभार ग्रहण किए जाने की संभावना है। सुदेह कुमार ने कोंच थाना में अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण तथा विधि–व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में पुलिस–जन संवाद को भी मजबूती मिली। वहीं, नए थानाध्यक्ष आलोक रंजन के आगमन से क्षेत्र के लोगों को बेहतर पुलिसिंग और कानून–व्यवस्था के और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद है। विभागीय स्तर पर हुए इस बदलाव को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### कोचिंग संस्थानों के संचालकों के साथ जिला प्रशासन की बैठक, विद्यार्थियों को हिंसा से दूर रखने पर जोर



**नवादा।** आज दिनांक 24.07.2026 को जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में नवादा शहर के सभी कोचिंग संस्थानों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी कोचिंग संचालकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने संस्थानों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को वर्तमान परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में उचित मार्गदर्शन प्रदान करें। उनसे कहा गया कि वे विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की हिंसा का सहारा नहीं लेने, सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को क्षति नहीं पहुँचाने तथा कानून का पालन करने के प्रति जागरूक करें। साथ ही कोचिंग संचालकों से अपील की गई कि वे इस बात के प्रति सतर्क रहें कि उनके छात्रों के बीच कोई असामाजिक तत्व शामिल होकर उन्हें किसी भी गैर–कानूनी गतिविधि के लिए प्रेरित न कर सके। बैठक में उपस्थित सभी कोचिंग संस्थानों के संचालकों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अपने संस्थानों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को संयम, शांति एवं कानून के प्रति जागरूक करेंगे तथा उन्हें हिंसा, तोड़फोड़ एवं किसी भी प्रकार की गैर–कानूनी गतिविधि से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में सहायक समाहर्ता, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नवादा सदर, के साथ–साथ सभी कोचिंग संस्थानों के संचालक उपस्थित थे।

### सलोने बिगहा में चोरी, 8 लाख के जेवर और 20 हजार नगद ले गए चोर

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड के श्रीगांव पंचायत अंतर्गत सलोने बिगहा गांव में गुरुवार की अहले सुबह बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने राजेश यादव (पिता– स्वर्गीय जगदीश यादव) के घर को निशाना बनाते हुए करीब 8 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और 20 हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। घटना के बाद गांव में दहशत और लोगों में आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोर देर रात घर के बगल में बने करकट नुमा दालान के सहारे छत पर चढ़ गया। इसके बाद छज्जे पर लगे बिजली के बल्ब को निकालकर अंधेरा कर दिया और घर के भीतर प्रवेश कर गया। घर के सभी सदस्य गहरी नींद में थे, जिसका फायदा उठाकर चोर ने कमरे में रखे जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बताया जाता है कि राजेश यादव के घर में हाल ही में बेटे और बेटी की शादी हुई थी। शादी के कारण नई बहू के गहने समेत परिवार के अन्य कीमती जेवर घर में रखे गए थे। चोरों ने इन्हीं जेवरों को निशाना बनाया और लाखों की संपत्ति लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो सामान बिखरा पड़ा मिला और चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलते ही कोंच थानाध्यक्ष सुदेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

# 11वें स्थापना दिवस पर संगठन की मजबूती का लिया गया संकल्प, सामाजिक न्याय की लड़ाई को और तेज करने का आह्वान

लोकतंत्र की आवाज



**गया।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पार्टी के प्रधान कार्यालय, गोदावरी, गया में भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता, अनुशासन एवं सामाजिक न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश दिया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्थापना दिवस का केक काटकर किया गया है। इसके उपरांत पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के आदर्शों एवं उनके बताए हुए पदचिह्नों पर चलने का सामूहिक संकल्प दोहराते हुए सामाजिक न्याय, समरसता, संवैधानिक मूल्यों एवं जनसेवा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, जन-जन तक पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को पहुँचाने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों का पूरी मजबूती, एकजुटता एवं प्रतिबद्धता के साथ सामना करने का संकल्प लिया गया है।

अपने संबोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रमेश सिंह ने कहा कि संगठन की असली शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की आवाज़ बनकर कार्य करने तथा पार्टी की नीतियों और सामाजिक न्याय के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया है।

वरिष्ठ नेता इंजि. नंदलाल मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) सामाजिक न्याय, समान अवसर और संविधान की मूल भावना को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक श्री जीतन राम मांझी द्वारा दिखाए गए संघर्ष, सेवा और सामाजिक परिवर्तन के मार्ग पर चलना ही प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाएं, जनता के सुख-दुःख में सहभागी बनें तथा गरीब, दलित, महादलित, पिछड़े, अतिपिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, युवा एवं महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत है और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही भविष्य की सफलता का मजबूत आधार बनेगा।

जिला अध्यक्ष श्री टूटू खान ने कहा कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने अपने 11 वर्षों के सफर में गरीब, दलित, महादलित, पिछड़े, अतिपिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, युवा एवं महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई को निरंतर मजबूती से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके कर्मठ एवं संघर्षशील कार्यकर्ता हैं और आने वाले समय में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियान को और अधिक गति दी जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी सामाजिक न्याय, समान अवसर और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करते हुए जनता के हितों के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। स्थापना दिवस समारोह के दौरान उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, अनुशासन एवं जनसेवा के संकल्प को पुनः दोहराते हुए संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया हू।

**समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित रहे** : पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी, जिला अध्यक्ष टूटू खान, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी इंजि. दिवाकर सिंह, जिला महासचिव पंकज सिंह, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीना मांझी, संतोष सागर, राकेश मांझी, वरिष्ठ नेता इंजि. नंदलाल मांझी, शंकर मांझी, सुषमा दांगी, मुकेश चौधरी, विजय कुमार रजक, रामस्नेही मांझी, अरशद परवेज उर्फ कमांडर सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

''सशक्त संगठन झ सशक्त समाज''

''सामाजिक न्याय हमारा संकल्प, जनसेवा हमारी पहचान''

''संघर्ष हमारी विरासत, संगठन हमारी शक्ति और जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।''

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर सत्याग्रह



लोकतंत्र की आवाज

**गया जी।** महीनों से संपूर्ण देश के छात्र, नवजवानों सहित कॉंग्रेस एवं विपक्षी दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के लगातार धरना-प्रदर्शन, भूख हड़ताल, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के आवास पर धरना, संसद से सड़क तक चरणबद्ध आंदोलन के बाद भी नीट पेपर लीक, सी बी एस सी परीक्षा परिणाम में भ्रस्टाचार, घोटाला आदि के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को जिम्मेदार मानते हुए इस्तीफे की मांग अनसुनी करने के खिलाफ गयाजी में कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने स्थानीय चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह कर महामहिम राष्ट्रपति से धर्मेंद्र प्रधान की बर्खास्तगी की मांग किया. सत्याग्रह कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुंना ने किया, तथा कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, दामोदर गोस्वामी, सैफुल्ल इस्लाम, मदीना खातून, शौकत नवाब अली, रंजीत सिंह, अर्जुन गुप्ता, चंदन कुमार महतो, शंभु शर्मा, बबलू कुमार, परशुराम सिंह, मनोज मालाकार, सोहराब खान शिवनाथ प्रसाद, विनोद श्रीवास्तव, आदि ने अपने, अपने हाथों में विभिन्न नारों और मांगों के पोस्टर लेकर घंटों सत्याग्रह पर बैठे रहे. सत्याग्रह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के 150 बार पेपर लीक की घटनाएं को सहते, सहते देशभर के छात्रों का गुस्सा अब ज्वालामुखी बन कर फ़ट रहा है, अब देश के छात्र धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री के पद से हटाए बिना मानने को तैयार नहीं है. नेताओं ने ₹ छात्र- युवा नहीं झुकेगा, राहुल नहीं रुकेगा ₹ के नारों को बुलंद करते हुए धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने, सदन में इस मुद्दे पर बहस कराने, छात्रों पर जो मुकदमा हुआ है, उसे हटाने, जिन लोगों ने छात्रों को मारा, बेइज्जती किया उन पर कार्रवाई की जाये, मोदी सरकार और उनके गृह मंत्री ने छात्रों के साथ जो व्यवहार किया उसके लिए माफ़ी मागें आदि को पूरा कराने हेतु चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। 25 जुलाई 2026 को गया जिला के सभी 24 प्रखंडों पर धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर बर्खास्तगी की मांग करेंगे।

## राजगीर में पहली बार निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

लोक तंत्र की आवाज

**राजगीर।** राजगीर में शुक्रवार को पहली बार भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा पूरे धार्मिक विधि-विधान और श्रद्धा के साथ निकाली गई। मेला थाना परिसर से प्रारंभ हुई रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।रथयात्रा मेला थाना परिसर से शुरू होकर सूर्यकुंड, ब्रह्मकुंड, किला मैदान, बस स्टैंड, पटेल चौक, धर्मशाला रोड, जेपी चौक, मुख्य बाजार और थाना रोड होते हुए पुनः मेला थाना परिसर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ यात्रा का समापन किया गया।रथयात्रा के दौरान पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालु ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष लगाते हुए रथ के साथ चलते रहे। विशेष बात यह रही कि रथ की एक ओर की रस्सी पुरुषों ने, जबकि दूसरी ओर की रस्सी महिलाओं ने खींची। रथ की रस्सी खींचने को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बने।यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मेला थाना परिसर के समीप बनाए गए भव्य पंडाल में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का भी वितरण किया गया।इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष महेंद्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति, कोषाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, संयुक्त कोषाध्यक्ष मनोज कुमार विश्वकर्मा, रंजीत कुमार, इंद्र मोहन सिंह 'निराला', सुरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र यादव, सुधीर कुमार मालाकार, प्रवीण सिंह, सुवेंद्र राजवंशी, महेंद्र गुप्ता, वार्ड पार्षद मीरा कुमारी, गिरजा नंदन पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भड़के छात्र आंदोलन को लेकर नवादा में प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसपी ने सशस्त्र बलों के साथ किया फ्लैग मार्च

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर बिहार के कई जिलों में उग्र छात्र आंदोलन और कुछ स्थानों पर हिंसा एवं गोलीबारी की घटनाओं के मद्देनजर नवादा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के नेतृत्व में सशस्त्र बलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च पुरानी कचहरी रोड, पुरानी जेल रोड, अस्पताल रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल, सशस्त्र जवान और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मार्च के दौरान अधिकारियों ने आम नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जिले में शांति, कानून-व्यवस्था और सामान्य जनजीवन को बनाए रखना है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की।

वहीं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने स्पष्ट कहा कि जिले में शांति भंग करने या कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ संदेश प्रसारित करने वालों पर भी प्रशासन की कड़ी नजर है और ऐसे मामलों में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना तथा असामाजिक तत्वों को यह संदेश देना था कि नवादा जिला प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रशासन ने नागरिकों से संयम बनाए रखने, अफवाहों से बचने और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत पुलिस या जिला प्रशासन को देने की अपील की है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जिले में शांति और कानून-व्यवस्था हर हाल में कायम रखी जाएगी।

## नवादा : आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 4 की मौत, 2 महिलाएं झुलसीं, सांगोवर गांव में मातम

लोक तंत्र की आवाज





**नवादा।** जिले के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत सांगोवर गांव में शुक्रवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में 2 महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं, जिनका इलाज जारी है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार मृतकों में 3 किसान और एक नाबालिग बच्चा शामिल है। सभी लोग खेत में काम कर रहे थे। दोपहर बाद मौसम अचानक बिगड़ा और बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए सभी एक पेड़ के नीचे शरण लिए थे। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ और सभी उसकी चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान शंभू कुमार पिता स्व. चंद्रिका यादव उम्र 45 वर्ष, मदन राजवंशी पिता मुनेश्वर राजवंशी उम्र 50 वर्ष, भुवनेश्वर राजवंशी पिता दुखन राजवंशी उम्र 50 वर्ष एवं सोनू कुमार पिता मिथिलेश प्रसाद उम्र 12 वर्ष के रूप में किया गया। वहीं सुनीता देवी पति स्व. गोविंद यादव एवं शोभी देवी पति ललित यादव के रूप में किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल नारदीगंज पीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया। झुलसी हुई दोनों महिलाओं का पीएचसी में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद सांगोवर गांव में कोहराम मच गया। मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए मृतकों के परिजनों को सरकारी सहायता देने की बात कही है। स्थानीय लोगों और प्रशासन ने बारिश के दौरान पेड़ के नीचे शरण न लेने और सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की है। मौसम विभाग ने भी अगले कुछ दिनों तक जिले में वज्रपात को लेकर सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है।

## 35 वर्षों बाद भागन बीघा देवी मंदिर में आषाढ़ी पूजा संपन्न, विशाल भंडारे में 2000 श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के भागन बीघा बाजार स्थित देवी मंदिर में 35 वर्षों बाद आयोजित आषाढ़ी पूजा का पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुक्रवार को भव्य एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, आस्था और उत्साह से सराबोर रहा।समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में मत्था टेककर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में गांव समेत आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे करीब 2000 श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम के संयोजक रवि रंजन पांडेय ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से विभिन्न कारणों से इस मंदिर में आषाढ़ी पूजा का आयोजन नहीं हो पा रहा था। इस वर्ष माता रानी की कृपा, ग्रामीणों की एकजुटता और सहयोग से पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।पूरे धार्मिक अनुष्ठान के दौरान भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और माता रानी के जयघोष से मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में रवि रंजन पांडेय, राजेश कुमार, अशोक कुमार, विजय मेडीक, राजू चौधरी, विशुनदेव प्रसाद, केदार प्रसाद वर्मा, कृष्ण प्रसाद, शशिभूषण पांडेय, पवन कुमार, सुनील कुमार, पदार्थ पासवान, अजीत चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।समापन के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता रानी से क्षेत्र की खुशहाली, भाईचारे और समृद्धि की कामना करते हुए जयघोष किया।

## नवादा : नीट पेपर लीक पर सिरदला में छात्रों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा।** शुक्रवार को सिरदला में नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले को लेकर छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया। सिरदला छात्र संघ और जर्रा बाबा एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में सैकड़ों विद्यार्थियों ने कन्या उच्च विद्यालय परिसर से आक्रोश मार्च निकाला। यह मार्च सिरदला बाजार के प्रमुख मार्गों से होते हुए फूल बागान चौक पहुंचा, जहां छात्रों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने ₹नीट पेपर लीक बंद करो₹, ₹छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो₹, ₹शिक्षा व्यवस्था बचाओ₹ और ₹धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो₹ जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से लाखों मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फूल बागान चौक पर प्रदर्शन के बाद छात्र जुलूस के रूप में प्रखंड कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने सिरदला बीडीओ को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई, परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। छात्र नेताओं ने इस अवसर पर कहा कि देशभर के लाखों छात्र वर्षों तक कठिन मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। हालांकि, पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत को व्यर्थ कर देती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं हुई और परीक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। आक्रोश मार्च के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा। यह विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें छात्र संघ के पदाधिकारी, जर्रा बाबा एजुकेशन सोसाइटी के सदस्य तथा विभिन्न विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और छात्रों के हितों की रक्षा की मांग दोहराई।

## 501 कलश यात्रा के साथ आदमपुर में अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू

लोक तंत्र की आवाज



**गिरियक।** प्रखंड के आदमपुर गांव में शुक्रवार को 501 महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की भव्य कलश यात्रा के साथ 24 घंटे के अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे, जयघोष और भक्ति गीतों के बीच निकली कलश यात्रा से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रा में भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया।पुजारी पंडित पवन पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, रंजन पाण्डेय एवं राजीव पाण्डेय ने बताया कि श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्धारित स्थल से कलश में जल भरकर महादेव स्थान पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद ₹हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे₹ के अखंड हरिनाम संकीर्तन की शुरुआत हुई, जो लगातार 24 घंटे तक चलेगा।आयोजन समिति के अनुसार संकीर्तन के दौरान भजन-कीर्तन, भगवान की आराधना एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन में भाग लेने और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।कार्यक्रम को लेकर पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गिरियक थाना अध्यक्ष श्रीकांत कुमार एवं एएसआई अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### किशोर ने फंदा लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

लोकतंत्र की आवाज

हरदोई। शहर कोतवाली क्षेत्र के कौशलपुरी में बुधवार रात एक किशोर ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर जान दे दी। बुधवार रात करीब 9 :20 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि कौशलपुरी निवासी मोहित (15) पुत्र स्वर्गीय सुनील कुमार ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में पंखे से साड़ी बांधकर फंदा लगा लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। किशोर के इस कदम के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### प्राचीन धार्मिक कुएं को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग भाजपा नेता शरद कुमार चौरसिया ने की

लोकतंत्र की आवाज

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी सण्डीला के नेता एवं नगर पालिका परिषद के नामित सभासद शरद कुमार चौरसिया ने वार्ड संख्या 21 स्थित अशराफ टोला, सण्डीला प्रेस के पास स्थित प्राचीन धार्मिक एवं जन–आस्था के केंद्र कुएं को अतिक्रमण मुक्त करा उसका सौंदर्यीकरण कराने और धार्मिक स्थल के रूप में संरक्षित किए जाने की मांग को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सण्डीला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के साथ स्थानीय नागरिकों के हस्ताक्षर एवं स्थल की वर्तमान स्थिति के फोटोग्राफ भी संलग्न किए गए।

### कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए जिला दो जोन और सात सेक्टर में बांटा

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता

हरदोई। श्रावण मास में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस–प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा की दृष्टि से जिले को दो जोन और सात सेक्टर में बांटा गया है। कांवड़ यात्रा मार्गों पर गड्ढों को भरने, झाड़ियों की सफाई और बिजली के तारों व ट्रांसफार्मर की जांच का काम भी शुरू करा दिया गया है। शिवालयों के पुजारियों और धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर उनका फीडबैक लिया गया है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि आगामी 30 जुलाई से श्रावण मास शुरू होगा। इस दौरान चार सोमवार पड़ेंगे। कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है ।सभी प्रमुख गंगा घाटों पर स्थानीय गोताखोरों की व्यवस्था के साथ पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है। कांवड़ यात्रा मार्गों पर झाड़ियों की सफाई कराने के निर्देश हैं। रास्ते में बिजली के तार या ट्रांसफार्मर से किसी तरह का खतरा न हो, इसके लिए संबंधित विभाग को आवश्यक सुधार कराने को कहा गया है ।जिले के मल्लावां स्थित सुनासीर मंदिर, सकाहा मंदिर और बिलग्राम के मनसानाथ मंदिर समेत प्रमुख शिवालयों पर भी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। कांवड़ यात्रियों की सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंच सके, इसके लिए 68 पीआरवी प्वाइंट बनाए गए हैं।

### उर्वरक विक्रेता पर बंधक बनाकर मारपीट का आरोप

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता

हरदोई। टड़ियावां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक को खाद की ओवररेटिंग की शिकायत करना भारी पड़ा। भारतीय किसान यूनियन (अवध) से जुड़े एक पदाधिकारी ने खाद विक्रेता पर बंधक बनाकर मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। गांव कालाआम निवासी पीड़ित सत्यम बाजपेई ने बताया कि उन्होंने 22 जुलाई को जिला कृषि अधिकारी से गोपालपुर स्थित एक खाद भंडार पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत की थी। इस पर विभागीय अधिकारियों ने शिकंजा कसा। आरोप है इसी शिकायत से नाराज होकर खाद विक्रेता ने उन्हें सबक सिखाने की ठानी। पीड़ित के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 8 :30 बजे उसे फोन कर खाद लेने और बातचीत के बहाने दुकान पर बुलाया ।दुकान पहुंचने पर उन्हें अंदर बैठाकर शिकायत लेने का दबाव बनाया। विरोध पर गाली–गलौज कर दुकान का शटर बंद कर दिया गया। इसके बाद मारपीट की गई। किसी तरह मौके से निकलकर पीड़ित सीधे थाने पहुंचा और पुलिस को शिकायत दी। थानाध्यक्ष इख्तियार हुसैन ने बताया कि मामला संज्ञान में है। प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सीतापुर-कानपुर रेलवे रूट पर कमलापुर फाटक समीप ट्रेन के आगे कूदा युवक, बाल बाल बची जान



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता

हरदोई। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र मे सीतापुर कानपुर रेल रूट पर गुरुवार रात 8 :30 बजे कमलापुर फाटक समीप सीतापुर से बालामऊ जंक्शन जा रही पैसेंजर ट्रेन (54322) के आगे एक शराबी युवक ने छलांग लगा दी ।लोको पायलट ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाए। ट्रेन रुक गई, लेकिन युवक इंजन के नीचे जा फंसा ।घटना के बाद ट्रेन में अफरा–तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे यात्रियों और आसपास के ग्रामीणों ने मिलकर युवक को भारी मशक्कत के बाद इंजन के नीचे से सुरक्षित बाहर निकाला। घायल युवक की पहचान दीपू (पुत्र बलराम, निवासी ग्राम कमालपुर, थाना बेनीगंज, जनपद हरदोई) के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के लिए दीपू को कछौना सीएचसी ले जाया गया ।इस घटना के कारण पैसेंजर ट्रेन लगभग 20 मिनट तक मौके पर रुकी रही। रेलवे कर्मचारियों द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ट्रेन को बालामऊ के लिए रवाना किया गया ।जीआरपी थाना प्रभारी अविनाश कुमार पांडे ने बताया कि घटनास्थल बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में आता है, इसलिए अग्रिम विधिक कार्रवाई बेनीगंज पुलिस द्वारा की जा रही है। बेनीगंज कोतवाल कौशलेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसा हुआ था। युवक की हालत ठीक है। लोको पायलट की सजगता और त्वरित निर्णय से एक संभावित बड़ी दुर्घटना बच गई और एक व्यक्ति की जान बच गई।

# उत्तरप्रदेश एग्रीस कार्यक्रम के तहत धान की सीधी बुआई वाले खेतों का वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण

**जलवायु अनुकूल खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से किसानों संग चर्चा की, उत्पादन बढ़ाने एवं लागत कम करने के उपायों की भी जानकारी दी गई**

लोकतंत्र की आवाज



करीम खान

**परसपुर (गोंडा)।** उत्तर प्रदेश कृषि विविधीकरण परियोजना (यूपी डास्प) के अंतर्गत संचालित उत्तर प्रदेश में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने एवं जलवायु अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करने वाले यूपी एग्रीस कार्यक्रम के तहत विकासखंड परसपुर के विभिन्न ग्रामों में धान की सीधी बुवाई के लिए लगाए गए प्रदर्शन प्लॉटों का वैज्ञानिकों एवं उच्च अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों को फसल प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा रोग एवं कीट नियंत्रण के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी सलाह दी गई।

निरीक्षण टीम में सह वैज्ञानिक डॉ. धीरज कुमार तिवारी, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर देवीपाटन एवं बस्ती मंडल डॉ. विपिन कुमार, शोध सहायक सुब्रजीत स्वाइन, वरिष्ठ उप प्रबंधक अमिताभ श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) परसपुर डॉ. अनूप सिंह चौहान तथा खंड तकनीकी प्रबंधक रोहित सिंह शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान डॉ. विपिन कुमार ने ग्राम अंदूपुर में किसान हुकुम नाथ वर्मा के खेत पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी, जबकि ग्राम सुसुंडा में किसान चंद्रशेखर पांडे के खेत में धान की फसल में पीलापन दिखाई देने पर अनुशंसित फफूंदनाशक का छिड़काव करने की सलाह दी। इसके अलावा किसानों रवि शंकर सिंह, लक्ष्मी नारायण सहित अन्य कृषकों के खेतों का भी निरीक्षण किया गया।

अधिकारियों ने किसानों को समय-समय पर फसल की निगरानी करने, आवश्यकतानुसार उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने, कीटनाशक एवं रोगनाशक दवाओं का वैज्ञानिक तरीके से प्रयोग करने तथा बदलती जलवायु के अनुरूप आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही किसानों के साथ जलवायु अनुकूल खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उत्पादन बढ़ाने एवं लागत कम करने के उपायों की भी जानकारी दी गई।

## माधौगंज कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में यूरिया और डीएपी खाद को लेकर किसान परेशान

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता

**हरदोई।** माधौगंज कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में यूरिया डीएपी खाद निर्धारित रेट से अधिक पर बिक्री की जा रही है। कालाबाजारी के चलते किसानों की जेब पर खासा असर पड़ रहा है। किसानों की माने तो सरकारी केंद्र व समितियों पर जरूरत के हिसाब से खाद नही मिल पा रही है। निजी दुकानों पर निर्धारित मूल्य से अधिक पर खरीदनी पड़ रही है।

प्राइवेट दुकानों पर एक बोरी यूरिया 430 रूपए में मिलती है। वहीं डीएपी के रेट 1800 रूपए से अधिक हैं।इसके अलावा खाद के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग लगाकर रेट में और इजाफा किया जाता है। सरकारी केंद्रों पर यूरिया 267 रूपए और डीएपी प्रति बोरी 1350 रूपए निर्धारित की गई है।

खाद के साथ अन्य उत्पादों के टैगिंग नही की जा रही है। क्षेत्र के किसान कौशल, उजागर कश्यप, नारेंद्र सिंह, नीरज कुमार, राहुल पटेल, श्रवण कुमार, राजेन्द्र कुमार, सन्तोष कुमार, रमाकान्त ने बताया कि मक्का और धान की फसल के लिए खाद जरूरी है।

## बुजुर्ग महिला से मारपीट और जानलेवा हमले के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

लोकतंत्र की आवाज

**पुरानी रंजिश और खेत की मेढ़ को लेकर विवाद हुआ था**

करीम खान

**गोंडा।** जिले के अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (कक्ष संख्या-1) सूर्यप्रकाश सिंह की अदालत ने 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने और जानलेवा चोटें पहुँचाने के गंभीर मामले में नामजद दो महिला आरोपियों सूरसती और आशा की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता और अभियोजन के साक्ष्यों को देखते हुए जमानत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं माना।

मामला कर्नलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर मांझा (चाईन पुरवा) का है। वादी सन्तोष कुमार यादव के अनुसार, 1 नवम्बर 2025 की शाम करीब 5 बजे पुरानी रंजिश और खेत की मेढ़ को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि सूरसती, आशा और अन्य सह-अभियुक्तों ने वादी की 65 वर्षीय वृद्ध माता पार्वती देवी को गाली-गलौज दी और फिर घर में घुसकर उनके साथ जमकर मारपीट की। इस हमले में वृद्ध महिला पार्वती देवी के सिर में गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति और सीटी स्कैन में दिमाग में स्ट्रोक दिखने के कारण उन्हें जिला अस्पताल गोंडा तथा बाद में केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया था।

कर्नलगंज थाने में दर्ज मु०अ०सं० 463/2025 (भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 191(2), 333, 115(2), 352, 351(3), 110) के तहत अभियुक्तों पर केस दर्ज किया गया था। अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता ने उन्हें निर्दोष बताते हुए जमानत की अर्जी दाखिल की थी। हालाँकि, अभियोजन पक्ष (सरकारी वकील) ने जमानत का कड़ा विरोध करते हुए तर्क दिया कि अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर आपराधिक इतिहास रहा है और पीड़िता पर जानलेवा हमला किया गया था। दोनों पक्षों की बहस सुनने, मेडिकल रिपोर्ट तथा केस डायरी के अवलोकन के बाद न्यायालय ने 23 जुलाई 2026 को आदेश जारी करते हुए जमानत प्रार्थना-पत्र संख्या 1474/2026 को खारिज कर दिया।

## सूरत की खाड़ी में मिला गोंडा के युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

लोकतंत्र की आवाज



**चार दिन से थे लापता, टेक्सटाइल मार्केट में करते थे काम**

करीम खान


**गोण्डा।** सूरत में काम करने गए जनपद गोण्डा के एक युवक का शव खाड़ी से बरामद होने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक पिछले 4 दिनों से लापता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक करनैलगंज तहसील व थाना क्षेत्र के ग्राम बटौरा लोहांगी निवासी रमेश तिवारी सूरत के पटेल नगर, मंदिर के पास गली नंबर 3, मकान नंबर 103, रूम नंबर 2 में रहकर टेक्सटाइल मार्केट में नौकरी करते थे। परिजनों ने बताया कि रमेश सोमवार को घर से निकले थे और अपना मोबाइल फोन भी कमरे पर ही छोड़ गए थे। इसके बाद से उनका कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था। रमेश के लापता होने की परिजनों ने सूरत के गोदादरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गांव के कई युवक भी उसकी तलाश में जुटे थे।

इसी बीच बुधवार को गोदादरा थाना पुलिस को सूरत की एक खाड़ी में एक युवक का शव तैरता मिला। शिनाख्त के दौरान मृतक की पहचान रमेश तिवारी के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों के होश उड़ गए। अब परिवार के लोग और गांव के कुछ युवक सूरत के लिए रवाना हो गए हैं। पोस्टमार्टम और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को एंबुलेंस से गोंडा लाया जाएगा। प्रशासन से भी शव को घर तक पहुंचाने में मदद की मांग की गई है। गोदादरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएंगे। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## युवक का शव फंदे से लटका मिला पत्नी की साड़ी से लगाई फांसी

लोकतंत्र की आवाज



**15 जुलाई को जालंधर से लौटा था घर**

ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता

**हरदोई।** पिहानी कोतवाली क्षेत्र के शेखवापुर कल्याणी गांव में एक व्यक्ति का शव शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे उसके घर में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान 45 साल के बसंत कुमार पुत्र निर्मल कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बसंत कुमार अपनी पत्नी सुनीता और तीन बेटों के साथ पंजाब के जालंधर में रहकर मजदूरी करते थे। वह गत 15 जुलाई को अपने परिवार को जालंधर में ही छोड़कर अकेले अपने पैतृक गांव वापस आ गए थे ।बसंत अपने तीन भाइयों में इकलौतेजीवित बचे थे, क्योंकि उनके दो भाइयों की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। उनकी दो विवाहित बहनें भी हैं। मृतक के रिश्ते के भाई पप्पू ने बताया कि गुरुवार को बसंत ने उनसे खेत में यूकेलिप्टिस के पौधे लगवाने को लेकर बातचीत की थी। उस समय सब कुछ सामान्य प्रतीत हो रहा था। शुक्रवार जब बसंत काफी देर तक दिखाई नहीं दिए, तो पप्पू उन्हें बुलाने उनके घर पहुंचे ।पप्पू ने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे खुले हुए थे। उसने अंदर जाकर कई बार आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह छत के रास्ते ऊपरी कमरे में पहुंचे। जहां बसंत कुमार का शव उनकी पत्नी की साड़ी के पल्लू से बने फंदे पर लटका हुआ था ।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों और पड़ोसियों से पूछताछ कर स्थिति का जायजा लिया। शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल बसंत कुमार द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाने के पीछे की वास्तविक वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## कर्नलगंज : पिता पर सगी बेटी से छेड़छाड़ का आरोप, बेटी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

लोकतंत्र की आवाज



**उन्नीस वर्षीय युवती पहुंची थाने, बोली- विरोध करने पर मिलती है जान से मारने की धमकी**

करीम खान

**कर्नलगंज,गोंडा।** कोतवाली क्षेत्र मे रिश्तों को शर्मसार करने वाला गंभीर मामला सामने आया है। जिस पिता के साये में बेटी को महफूज होना था, उसी पर छेड़छाड़ का आरोप लगा है। 19 वर्षीय युवती ने अपने ही पिता पर घर में अकेले होने का फायदा उठाकर छेड़छाड़ और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार देर शाम आरोपी पिता के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके पिता का चाल-चलन ठीक नहीं है और वे आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। युवती के मुताबिक, घर में उसके छोटे भाई के अलावा कोई अन्य सदस्य नहीं रहता और इसी का फायदा उठाकर उसे परेशान किया जाता है ।पीड़िता की शिकायत के आधार पर कर्नलगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपी नरायन धर द्विवेदी के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी समेत संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सुधीर यादव को सौंपी गई है।

प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि युवती ने अपने पिता पर घर में अकेले होने का फायदा उठाकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। शिकायत मिलते ही मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस का कहना है कि जांच में मिलने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपों की सत्यता पुलिस जांच के बाद स्पष्ट होगी, लेकिन जिस रिश्ते को बेटी की सुरक्षा की सबसे मजबूत दीवार माना जाता है, उसी रिश्ते पर लगे इन आरोपों से गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## गोण्डा में यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई, 52 अवैध उपकरण नष्ट

लोकतंत्र की आवाज



करीम खान


**गोण्डा, 24 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुगम और ध्वनि प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत यातायात पुलिस ने वाहनों से हटाए गए 16 मॉडीफाइड साइलेंसर, 26 अवैध प्रेशर हॉर्न और 10 अनाधिकृत हूटर का शुक्रवार को नियमानुसार विनिष्टीकरण (नष्ट) कराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मॉडीफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और अनाधिकृत हूटर का प्रयोग ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ-साथ यातायात नियमों का भी उल्लंघन है।

ऐसे मामलों में आगे भी लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार के अवैध उपकरण न लगाएं और यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### समस्तीपुर : छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर बड़ा हमला :- प्रवक्ता राकेश



लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। परीक्षा संबंधी अनियमितताओं और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर दिल्ली,पटना,दरभंगा, कटिहार,बेगूसराय सहित अन्य जगहों मे छात्रों के द्वारा विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज को जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसकी तीखी आलोचना की है। राजद प्रवक्ता ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल को अलोकतांत्रिक बताया । उन्होंने कहा कि सरकार को टकराव के बजाय संवाद का रास्ता अपनाकर सकारात्मक समाधान निकालना चाहिए। देश में बर्बर सरकार नहीं चलेगी। अपने कर्तव्यों का पालन करने मे विफल रहने वाले केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए।

### साहिबगंज: गैर जमानती वारंट पर फरार चल रहे लाला कुमार यादव गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज । मुफस्सिल थाना पुलिस ने माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानती वारंट के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।वही मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी की पहचान लाला कुमार यादव उर्फ लाला यादव पिता रासबिहारी यादव निवासी महादेवगंज थाना मुफस्सिल जिला साहिबगंज के रूप में हुई है।इसके विरुद्ध न्यायालय मेंGR-183/24 से संबंधित गैर जमानती वारंट निर्गत था।वही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वारंटी को विधिवत गिरफ्तार कर साहिबगंज सदर अस्पताल में शारीरिक जांच करवाने के उपरांत उसे उचित मार्गदर्शी दल के साथ न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### समय पर नहीं खुल रहा है उप स्वास्थ्य केंद्र

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र, पीरपैंती बाजार का शुक्रवार को निर्धारित समय पर बंद रहने से इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के मौसम में मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच स्वास्थ्य केंद्र का समय पर नहीं खुलना स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बन गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह निर्धारित समय पर स्वास्थ्य केंद्र बंद रहने के कारण मरीजों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। कई मरीज बिना इलाज कराए ही वापस लौट गए। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में बुखार, सर्दी-खांसी, वायरल संक्रमण सहित अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे समय स्वास्थ्य केंद्र का नियमित रूप से संचालित नहीं होना आम लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉ. गजाला नाज़ से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उनकी बेटी छोटी है तथा परिवार में अकेले रहने के कारण उन्हें समय पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में कठिनाई होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई बार स्वास्थ्य केंद्र निर्धारित समय पर नहीं खुल पाता और लगभग सुबह 10 बजे तक खुलता है।स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि मामले की जांच कर अतिरिक्त प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र, पीरपैंती बाजार का नियमित एवं समय पर संचालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि मरीजों को समय पर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

### बिजली चोरी के आरोप में कई लोगों पर केस दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती बिजली चोरी के आरोप में कंपनी के जेई शुभम कुमार ने मेहरपुर और लकड़ाकोल के 10 उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उसके नेतृत्व में टीम ने बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान दोनों गांव के 10 उपभोक्ता चोरी से बिजली का उपयोग करते पाए गए। इससे कंपनी को डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### पंचायत सरकार भवन में आधार केंद्र खुलेगा

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। सात पंचायतों के पंचायत सरकार भवनों में आधार सेंटर खुलेगा। इसको लेकर बीपीआरओ कामेश्वर नारायण ने संबंधित पंचायत के कर्मियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को बैठक की। उन्होंने बताया कि एकचारी दियारा, श्रीमतपुर गोपालीचक, मानिकपुर, बाखरपुर पूर्वी, राजगांव, बन्धुजयराम और बारा पंचायत के पंचायत सरकार भवन में आधार कार्ड सेंटर खुलेगा। इसके लिए विभागीय स्तर पर आधार किट की खरीददारी भी की जा चुकी है।

### केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए : बच्ची मंडल



लोकतंत्र की आवाज
हसनपुर/समस्तीपुर।विधानसभा के वरिष्ठ राजद नेता रामनारायण मंडल उर्फ बच्ची मंडल ने बताया कि परीक्षा संबंधी अनियमितताओं और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर व देश के विभिन्न हिस्सों समेत बिहार के पटना, दरभंगा, कटिहार, बेगूसराय सहित अन्य जगहों मे छात्रों के द्वारा विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज लोकतंत्र पर सीधा हमला है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग रखते हुए छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल को अलोकतांत्रिक बताया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार को टकराव के बजाय छात्रों के साथ संवाद का रास्ता अपनाकर सकारात्मक समाधान निकालना चाहिए न कि देश के बच्चों के साथ बर्बरता की जानी चाहिए? अपने कर्तव्यों का पालन करने मे विफल रहने वाले केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ध्रमेन्द्र प्रधान को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए।

# श्रावणी मेला की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा जिला प्रशासन, जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश



**लोकतंत्र की आवाज**

**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर।** आगामी श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शुक्रवार 24 जुलाई 2026 को समाहरणालय में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में मेले की अंतिम चरण की तैयारियों का जायजा लिया गया और संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सभी वरीय उप समाहर्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेला राज्य का महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ शेष तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया।

बैठक में कच्ची कांवरिया पथ, धर्मशालाओं, विश्राम स्थलों, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सभी स्थलों का निरीक्षण कर कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त चिकित्सकों, एम्बुलेंस, दवाइयों और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को पेयजल स्रोतों की नियमित जांच एवं निर्बाध जलापूर्ति बनाए रखने तथा नगर निकायों को स्वच्छता और कचरा निष्पादन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति, क्षतिग्रस्त तार एवं पोल की मरम्मत तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने को कहा। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग 24×7 सक्रिय रहें तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें।

## प्रखंड-अंचल कार्यालय के घेराव की तैयारी पूरी, आज होगा घेराव



**लोकतंत्र की आवाज**
**ताजपुर/समस्तीपुर।** भूमि, बासगीत पर्चा,प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता, राशनकार्ड,पहुंच पथ, योगियामठ,बहेलिया टोला, आलू मंडी आदि जर्जर सड़क बनाने सहित दलित-गरीबों से जुड़े विभिन्न जनसरोकारों की मांगों को लेकर भाकपा (माले) एवं बिहार प्रदेश खेत मजदूर सभा (खेग्रामस) द्वारा शनिवार को प्रखंड एवं अंचल कार्यालय पर प्रस्तावित प्रदर्शन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता,मो.एजाज समेत अन्य नेताओं के नेतृत्व में ताजपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी मांगों को बुलंद करने की अपील की गई।

## मुंगेर: जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में आमजान. की समस्याओं की सुनवाई की गई



**लोकतंत्र की आवाज**

**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर दिनांक 24 जुलाई 2026।** जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा आयोजित "जनता के दरबार में जिलाधिकारी" कार्यक्रम के तहत आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कुल 40 आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र एवं उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

टेटिया बंबर धौरी निवासी सतीश कुमार ने कहा के वह दिव्यांग हैं और अपने पिता की मृत्यु के पश्चात अनुकम्पा के आधार पर जन वितरण प्रणाली की दुकान अपने नाम से स्वीकृत कराकर संचालित करना चाहते हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित पदाधिकारी को इस पर कार्रवाई करने का निदेश दिया। विकास कुमार संवेदक द्वारा बरियारपुर स्थित फिलिप हाई स्कूल के बगल में किए गए कार्य का बकाया राशि दिलाने की मांग की। लोहची खड़गपुर निवासी मदन स्वर्णकार ने 1974 के स्वतंत्रता सेनानी पेंशन दिलाने की गुहार लगाई। हसनगंज निवासी रोशन कुमार ने जमालपुर अंचलाधिकारी द्वारा तिथि निर्धारित होने के बाद भी अब तक ई-मापी नहीं कराने की शिकायत की। बरियारपुर करहरिया पश्चिमी निवासी उर्मिला रजक ने अपने पुत्र द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने की शिकायत की। इसके अलावे जनता दरबार में अन्य विभागों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए, जिनमें जमीन संबंधी, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें भी रहीं।

जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध जांच कर समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्राप्त सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## साहिबगंज जिला परिवहन विभाग का ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन



**लोकतंत्र की आवाज़**

**साहिबगंज।** झारखंड सरकार के निर्देश और जिला परिवहन पदाधिकारी अमर जॉन आईद के मार्गदर्शन में राजमहल प्रखंड परिसर में विशेष ड्राइविंग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

अगला ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन आगामी 27 जुलाई 2026 को किया जाएगा। शिविर का समय पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक रखा गया था। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को प्रखंड स्तर पर ही ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध कराना था। ताकि लोगों को बार-बार जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिविर में बड़ी संख्या में युवा, वाहन चालक और आम नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। आवेदकों ने लर्निंग लाइसेंस और स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस दोनों के लिए आवेदन किए और सभी निर्धारित प्रक्रियाएं पूरी कीं। परिवहन विभाग की टीम ने दस्तावेजों का सत्यापन, आवेदन पंजीकरण और अन्य औपचारिकताएं पूरी पारदर्शिता और सरलता के साथ संपन्न कराईं। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड सरकार का उद्देश्य परिवहन विभाग की सेवाओं को आम जनता तक सरल सुलभ और पारदर्शिता तरीके से पहुंचना है। परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। विभाग ने सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था के लिए आम नागरिकों से सहयोग मांगा। इस अवसर पर परिवहन विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के 100 कार्य दिवस पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा



**लोकतंत्र की आवाज**

**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर।** माननीय मुख्यमंत्री के 100 कार्य दिवस पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार, 25 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में समाहरणालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की सभी तैयारियों का बिंदुवार आकलन किया गया तथा सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के 100 कार्य दिवस पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी नोडल पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल होना चाहिए, जिसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें।

## 12 वर्षीय मोहम्मद फरहान 6 दिनों से लापता, परिजनों ने की तलाश में सहयोग की अपील

**लोकतंत्र की आवाज**

**बिहपुर/नवगछिया।** पूर्णिया जिले के बरहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मकुरजान गांव निवासी 12 वर्षीय मोहम्मद फरहान पिछले रविवार से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता है। वह मोहम्मद मुर्शीद और संजीदा खातून का पुत्र है। परिजनों के अनुसार, फरहान की लंबाई लगभग चार से पांच फीट है और उसके लापता होने के बाद से परिवार लगातार उसकी तलाश में जुटा हुआ है।

परिजनों ने बरहरा थाना में गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल सका है। बच्चे के लापता होने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और परिजन लगातार विभिन्न संभावित स्थानों पर उसकी खोजबीन कर रहे हैं।



बताया जा रहा है कि मोहम्मद फरहान का ननिहाल बिहपुर क्षेत्र में है। इसी कारण परिजनों ने बिहपुर और आसपास के लोगों से भी बच्चे की तलाश में सहयोग की अपील की है। फरहान की तस्वीर सोशल मीडिया पर भी व्यापक रूप से साझा की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक उसकी जानकारी पहुंच सके।

परिजनों ने आम लोगों से अनुरोध किया है कि यदि किसी को मोहम्मद फरहान कहीं दिखाई दे या उसके संबंध में कोई भी जानकारी मिले, तो तत्काल मोबाइल नंबर 8709162879 पर संपर्क करें या निकटतम पुलिस थाना को सूचित करें। एक छोटी-सी सूचना भी बच्चे को उसके परिवार से मिलाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। पुलिस ने भी लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देकर सत्यापित जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है।

## साहिबगंज जिला मुख्यालय से सटे महादेवगंज चौक के पास रोड़ में बने गड्ढ से वाहन चालक को हो रही हैं परेशानी



**लोकतंत्र की आवाज़**

**साहिबगंज।** जिला मुख्यालय से महज चार से पांच किलोमीटर की दूरी पर बरसात की पहली तेज बारिश ने साहिबगंज सदर प्रखंड के महादेवगंज चौक से दो सो मीटर आगे मुख्य मार्ग सड़क में विकास कार्यों की हकीकत उजागर कर दी है। गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर होकर दलदल में तब्दील हो गई है।सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से आवागमन जोखिम भरा हो गया है। हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहनों का गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा साबित हो रहा है।ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क लंबे समय से बदहाल है,लेकिन जिम्मेदार विभाग की उदासीनता के कारण आज तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई।

बारिश के बाद स्थिति और भी भयावह हो गई है।सड़क पर जलजमाव के कारण गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता,जिससे आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों,गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण और मरम्मत को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई,लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के दौरान विकास और बेहतर सड़क का वादा किया जाता है,लेकिन चुनाव समाप्त होते ही गांव की समस्याएं भुला दी जाती हैं।इससे लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क पर न तो पक्कीकरण की व्यवस्था है और न ही बारिश के पानी की निकासी के लिए नाली बनाई गई है।

परिणामस्वरूप हर वर्ष बरसात में यही स्थिति उत्पन्न होती है और लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होता है।स्थानीय किसानों,दुकानदारों और दैनिक मजदूरों को भी आवाजाही में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।वही ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत,जल निकासी की स्थायी व्यवस्था तथा सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनहित में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने को विवश होंगे।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी संवेदनशीलता दिखाता है या फिर ग्रामीणों को एक बार फिर केवल आश्वासनों का इंतजार करना पड़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केसरिया: ढेकहा मझरिया ढाला के समीप बन रहें पुलिया आज तक नहीं बना, स्थानीय लोग बिना बनें पुल के ऊपर से जानें को विवश



**जिला ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** केसरिया प्रखंड क्षेत्र के ढेकहा मझरिया ढाला के समीप बन रहें पुलिया निर्माण का कार्य आज़ तक पूरा नहीं किया गया। जिसको लेकर उक्त गांव के ही कई गणमान्य लोगों ने नाराजगी जताई है। पुलिया निर्माण नहीं होने से उक्त गांव के लोग बिना बनें पुलिया के ऊपर से ही जानें को विवश हैं। बता दें कि पिछले साल स्थानीय विधायक शालिनी मिश्रा ने इस पुल का उद्घाटन किया था। बता दें कि इस समय वर्षा ऋतु का समय चल रहा है। जिसके वज़ह से बन रहे पुलिया अगल बगल का मिट्टी खधर गया है। साथ ही बाढ़ का पानी आने के बाद उक्त पुलिया निर्माण का कार्य बंद हो गया है। इसको लेकर उक्त गांव के लोगों ने इस निर्माण कार्य के मुंशी से बात किया तो मुंशी ने बताया कि जल जमाव के कारण कार्य बाधित हो गया है। एक सप्ताह के अंदर कार्य संपन्न किया जाएगा। नाराजगी जताते हुए ग्रामीण राजेश सिंह, ललन सिंह, जालंधर सिंह, रमेश सिंह, अशोक सिंह, प्रकाश यादव, सोनू गिरी, चंचल कुमार समेत अन्य लोगों ने अविलंब ढालाई कार्य करने की मांग की है।

### सुन्दरापुर गोलीकांड में फरार प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार



**जिला ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**केसरिया।** बीजधरी थाना अंतर्गत सुन्दरापुर गोलीकांड में हत्या के प्रयास से संबंधित बीजधरी थाना कांड संख्या-79/26, दिनांक 21.06.2026, धारा 109/3(5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के फरार प्राथमिक अभियुक्त रजनीश राय उर्फ टुनटुन राय, पिता- स्वर्गीय जोगिंदर यादव, सा०-सुन्दरापुर, थाना- बीजधरी, जिला-पूर्वी चम्पारण मोतिहारी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सहरसा : डीएम एवं एसपी पहुंचे प्रसिद्ध बाबा मटेश्वर धाम किया पूजा अर्चना

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के प्रसिद्ध एवं आस्था के प्रमुख केंद्र मटेश्वर धाम, कांठो में आयोजित होने वाले एक माह के श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बाबा मटेश्वर का विधिवत दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था तथा मेला क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में अनुमंडल एवं जिला स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, पार्किंग, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान मटेश्वर धाम न्यास समिति के सदस्यों ने मेला संचालन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके लिए 10 महिला एवं 10 पुरुष शौचालय, कुल 20 अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था, पर्याप्त पेयजल, स्वच्छता एवं नियमित साफ-सफाई तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहेगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं



श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया बैठक के अंत में मटेश्वर धाम न्यास समिति की ओर से जिलाधिकारी दीपेश कुमार, पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग सहित उपस्थित सभी अधिकारियों को मिथिला की पारंपरिक पाग, चादर एवं बाबा मटेश्वर की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया।बैठक में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा, अनुमंडल पदाधिकारी आलोक राय, डीसीएलआर सीतू शर्मा, डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर, मुख्यालय डीएसपी कमलेश्वर प्रसाद सिंह, नगर परिषद सिमरी बख्तियारपुर के कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास, पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) निवास कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहन सिंह, सलखुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार तथा अंचलाधिकारी नवीन कुमार सहित अनुमंडल एवं जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, मटेश्वर धाम न्यास समिति के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में माय भारत जिला सलाहकार समिति (डीएसी) की बैठक सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज

**जिला ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

मोतिहारी, 23 जुलाई 2026 को 'माय भारत जिला सलाहकार समिति' की बैठक पूर्वी चंपारण के जिला पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में प्रातः 11:30 बजे राधाकृष्ण भवन, समाहरणालय परिसर, मोतिहारी में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा माय भारत कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया। बैठक की शुरुआत जिला युवा अधिकारी (माय भारत) अंकिता द्वारा जिला पदाधिकारी एवं उपस्थित सभी सदस्यों के स्वागत के साथ हुई। उन्होंने माय भारत की परिकल्पना, उद्देश्यों, प्रमुख कार्यक्रमों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में माय भारत के अंतर्गत द्वि-स्तरीय समिति व्यवस्था-जिला सलाहकार समिति एवं जिला समन्वय समिति –के गठन एवं संचालन पर चर्चा की गई, जिससे जिले में युवा कार्यक्रमों के बेहतर नियोजन, समन्वय, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण को सुनिश्चित किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे माय भारत के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों, युवा क्लबों, एनएसएस, एनसीसी तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के माध्यम से युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में विशेष रूप से माय भारत पंजीकरण अभियान की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने पूर्वी चंपारण के 2.41 लाख युवाओं के पंजीकरण लक्ष्य को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने हेतु सभी विभागों से सक्रिय सहयोग एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने माय भारत की गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन एवं युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## श्रावणी मेला को लेकर प्रशासन अलर्ट, मेला मार्ग और मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**जिला ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**अरेराज।** श्रावणी मेला को लेकर अरेराज में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। बाबा सोमेश्वरनाथ मंदिर में सावन महीने में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कांवरिया पथ, मेला मार्ग और मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशासन ने सड़क किनारे अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ संयुक्त अभियान चलाकर सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी ठेले, गुमटी, टीन शेड और अन्य अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है।प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को पहले स्वयं सामान हटाने का निर्देश दिया गया था उसके बाद भी कब्जा नहीं हटाने वालों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि श्रावणी मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अरेराज पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क पर अतिक्रमण होने से जाम, आवागमन में बाधा और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसी उद्देश्य से मेला क्षेत्र और प्रमुख मार्गों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्थानीय लोगों और दुकानदारों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक सड़कों और मेला मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा न करें, ताकि श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## वित्तीय साक्षरता और व्यवसाय प्रबंधन से सशक्त होंगी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की लाभुक महिलाएँ

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता**

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लाभुकों को द्वितीय एवं उससे ऊपर की किस्त की राशि का लाभ प्रभावी ढंग से दिलाने तथा उनके व्यवसाय को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सहरसा जिले के शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र, सुलिंदाबाद में एक दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका श्लोक कुमार के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जीविका के जिला स्तर के सभी प्रबंधक, प्रखंड स्तर के सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक एवं संबंधित कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मास्टर ट्रेनरों को तैयार करना था, ताकि वे आगे प्रखंड एवं ग्राम स्तर पर लाभुकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता, व्यवसाय योजना निर्माण, ऋण राशि के प्रभावी उपयोग, व्यवसाय संचालन, आय वृद्धि के उपाय तथा उद्यम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा यह बताया गया कि योजनाओं से प्राप्त वित्तीय सहायता का उचित उपयोग कर लाभुक अपने व्यवसाय को अधिक लाभकारी बना सकते हैं तथा स्थायी आय का स्रोत विकसित कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक श्री श्लोक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से लाभुकों को व्यवसाय संचालन एवं वित्तीय प्रबंधन की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनरों से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मास्टर ट्रेनर आगामी दिनों में प्रखंड स्तर के कैडरों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके बाद कैडर ग्राम संगठन स्तर पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लगभग चार लाख लाभुकों को वित्तीय साक्षरता एवं व्यवसाय प्रबंधन का प्रशिक्षण देंगे । इससे लाभुक अपने उद्यमों का बेहतर संचालन कर सकेंगे, आय में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी । कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन एवं लाभुकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की ।

## सीडीपीओ राहुल कुमार मिश्रा को भावभीनी विदाई, पूर्वी चंपारण स्थानांतरण पर कर्मियों ने दी शुभकामनाएं कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए जताया आभार

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता**

बाल विकास परियोजना कार्यालय, सिमरी बख्तियारपुर में गुरुवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) राहुल कुमार मिश्रा के पूर्वी चंपारण स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना की महिला पर्यवेक्षिकाओं, कार्यालय कर्मियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए सीडीपीओ राहुल कुमार मिश्रा ने कहा कि सिमरी बख्तियारपुर में कार्यकाल के दौरान उन्हें महिला पर्यवेक्षिकाओं, कार्यालय कर्मियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं का भरपूर सहयोग मिला। सभी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि टीम के सहयोग के कारण ही योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव हो सका।

इसके लिए उन्होंने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं कार्यालय कर्मियों ने श्री मिश्रा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा टीम भावना के साथ कार्य किया। उनके नेतृत्व में परियोजना कार्यालय में बेहतर समन्वय और पारदर्शिता के साथ योजनाओं का संचालन हुआ। कर्मियों ने विश्वास जताया कि वे अपने नए कार्यस्थल पूर्वी चंपारण में भी इसी समर्पण, कार्यकुशलता और ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। विदाई समारोह में महिला पर्यवेक्षिका सारिका रानी, पल्लवी कुमारी, सीमा कुमारी, सोनी प्रकाशम, विंदु कुमारी, सावित्री कुमारी, ममता कुमारी, प्रिंस राज किरण, अशोक कुमार, दिलीप कुमार चौबे, अशोक कुमार दास तथा आंगनबाड़ी सेविका बबीता कुमारी, सपना कुमारी, श्वेता कुमारी, सरिता कुमारी, भारती कुमारी सहित बड़ी संख्या में परियोजना कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न, 6 एवं 7 अगस्त को पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा

लोकतंत्र की आवाज



**रंजीत सक्सेना सहरसा संवादाता।**

राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक आज नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अर्चना आनंद की अध्यक्षता में जिला परिषद प्रांगण स्थित पूजा बैंक्वेट में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल, प्रदेश महासचिव अजय पटेल, बिहार प्रदेश पंचायती राज प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार जीशू, प्रदेश नेता रौशन पाठक, पूर्व मुखिया वरिष्ठ नेता विंदेश्वरी मेहता, चूड़ामणि झा एवं बैजनाथ कुमार विमल उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 6 एवं 7 अगस्त को बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री श्री दीपक प्रकाश जी के प्रस्तावित दो दिवसीय सहरसा जिला भ्रमण एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता हेतु पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष शैलेश झा, नरेश यादव, अभिमन्यु सिंह, बिपिन पासवान, सुबोध झा, अमित कुमार निकुंभ, बालकृष्ण कुशवाहा, मोहम्मद कमालुद्दीन, राजेश कुमार, सहित जिला स्तरीय नेता मझरुद्दीन खान बबलू, शंभू कुशवाहा, बालेश्वर मेहता, मकेश्वर कुंवर, ललित साह, विजय कुशवाहा, परशुराम सिंह, शंभू सिंह, शंभू कुशवाहा, मकेश्वर कुंवर, ललित साह, सलामत राईन, बबलू कुंवर, आरती देवी, बबीता देवी, कंचन झा, शोभा देवी एवं ललिता देवी उपस्थित रही ।

## एएचटीयू, बीआईटी, एसएसबी 47वीं वाहिनी एवं एनजीओ की सतर्कता से संभावित मानव तस्करी की घटना विफल

लोकतंत्र की आवाज

**जिला ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चम्पारण।** रक्सौल, 23 जुलाई 2026, भारत-नेपाल सीमा पर तैनात मानव तस्करी रोधी इकाई, एएचटीयू एसएसबी बेतिया, कार्यालय 47वीं वाहिनी एसएसबी रक्सौल, बीआईटी टीम, एसएसबी, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर (पूर्वी चंपारण) तथा स्वच्छ रक्सौल संस्था की संयुक्त सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से एक नाबालिग लड़की को संभावित मानव तस्करी का शिकार होने से बचा लिया गया। संयुक्त टीम ने मैत्री ब्रिज, रक्सौल के समीप भारत से नेपाल जाने के दौरान एक युवक के साथ जा रही नाबालिग लड़की को संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ की। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान दोनों के बयानों में स्पष्टता एवं समानता नहीं पाई गई। इसके उपरांत प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर एवं स्वच्छ रक्सौल संस्था के सहयोग से किशोरी की काउंसलिंग कराई गई। काउंसलिंग में पता चला कि किशोरी बिहार के मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) की रहने वाली है तथा उसकी आयु लगभग 16 वर्ष है। किशोरी ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट के माध्यम से उसकी पहचान शिवम केशरी, निवासी पूर्वी चंपारण (बिहार) से हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और आरोपी ने प्रेम संबंध एवं विवाह का विश्वास दिलाकर उसे अपने प्रभाव में ले लिया।काउंसलिंग के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने नेपाल में नौकरी दिलाने तथा साथ रहने का झांसा देकर किशोरी को घर से भागने के लिए



प्रेरित किया। उसके कहने पर युवती 22 जुलाई 2026 की रात बिना अपने परिवार को बताए घर से निकल कर मोतिहारी बस स्टैंड पहुंची, जहां से दोनों रक्सौल पहुंचे और काठमांडू (नेपाल) जाने का प्रयास कर रहे थे। पूछताछ के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने पहचान छिपाने तथा लोगों एवं पुलिस की नजरों से बचने के उद्देश्य से युवती को बुर्का पहनने की सलाह दी थी। युवती ने बताया कि उसने आरोपी के कहने पर ही बुर्का पहना था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने भी इस तथ्य की पुष्टि की। मामले की गंभीरता एवं संभावित मानव तस्करी की आशंका को देखते हुए संयुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की को सुरक्षित संरक्षण में लिया तथा आरोपी शिवम केशरी को अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु हरैया थाना, रक्सौल के सुपुर्द कर दिया। आरोपी के विरुद्ध हरैया थाना, रक्सौल में कांड संख्या 104/2026, दिनांक 23.07.2026 के तहत् प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसकी लिखित शिकायत अभिषेक कुमार, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर (एनजीओ) द्वारा दी गई। वहीं मामले की विस्तृत जांच एवं अग्रिम विधिक कार्रवाई हरैया पुलिस द्वारा की जा रही है। इस रेस्क्यू अभियान में एएचटीयू, 47वीं वाहिनी एसएसबी रक्सौल से हवलदार अरविंद द्विवेदी, महिला सिपाही विभा कुमारी एवं राजन कुमारी, बीआईटी, एसएसबी से हवलदार सरना बसु एवं महिला सिपाही कामिनी, शबनम कुमारी, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर से आरती कुमारी एवं अभिषेक कुमार तथा स्वच्छ रक्सौल संस्था से रणजीत सिंह एवं साबरा खातून ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विधायक आईपी गुप्ता के समर्थन में सौर बाजार में निकाला गया आक्रोश मार्च

लोकतंत्र की आवाज



**अमित कुमार ।**

**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सहरसा 75 विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में शुक्रवार को सौर बाजार प्रखंड में आइआइपी पार्टी द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अवधेश यादव ने की। आक्रोश मार्च सौर बाजार पुरानी हाई स्कूल मैदान से शुरू होकर थाना चौक होते हुए जीरो माइल चौक तक पहुंचा। मार्च में शामिल सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप नारेबाजी की। इस दौरान बीजेपी मुर्दाबाद एवं रामकृपाल यादव हाय-हाय के नारे लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अवधेश यादव ने कहा कि विधायक आईपी गुप्ता के साथ हुआ दुर्व्यवहार निंदनीय है और पार्टी कार्यकर्ता इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने मांग की कि संबंधित विधायक सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आक्रोश मार्च में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### छात्रों के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन भानु का प्रदर्शन,भानु गुट नेताओं को किया नजरबंद



**आरा।** जंतर मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज के विरोध और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन में रोका,भानु गुट के मण्डल प्रभारी आगरा अर्जुन चौधरी आवास पर ही पुलिस द्वारा नजर बंद कर दिया। अर्जुन चौधरी ने कहा कि छात्रों पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे और लोकतंत्र की हत्यारा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा की मांग की। वहीं भाकियू भानु मजदूर मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुंदर यादव ने कहा कि मांगे न पूरी होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की जाएगी। ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरव यादव,राष्ट्रीय महासचिव ऋषभ यादव, राष्ट्रीय संगठन मंत्री हितगोपाल उपाध्याय,प्रदेश अध्यक्ष,ओमवीर सिंह, राजकुमार सिंह यादव,राहुल चतुर्वेदी,आशू यादव,सुफियान कुरैशी,राहुल ठाकुर,संदीप चतुर्वेदी,यतेंद्र राजपूत,प्रमोद यादव,श्याम कुमार,अनिल यादव समेत कई किसान नेताओं को घर पर ही (हाउस अरेस्ट)कर दिया। भानु गुट कार्यकर्ताओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा नजर बनाए हुए है।

### तिलैया नदी पर पुल नहीं होने से जयनगरझ्र बरदाहा का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क बाधित

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**



**सिरदला (नवादा) :** लगातार हो रही बारिश के बाद तिलैया नदी में आई बाढ़ से जयनगर और बरदाहा गॉव समेत सांढ़ मँझगावां पंचायत के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नदी पर पुल नहीं होने के कारण दोनों पंचायतों का सिरदला प्रखंड मुख्यालय एवं बाजार से संपर्क लगभग टूट गया है। स्थानीय लोगों को दैनिक जरूरतों की वस्तुएं खरीदने, सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने तथा इलाज के लिए करीब 20 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तिलैया नदी पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष कई बार मांग उठाई गई तथा सांसद द्वारा पुल निर्माण की घोषणा भी की गई थी, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। बाढ़ के दौरान लोगों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने सरकार और संबंधित विभाग से अविलंब पुल निर्माण शुरू कराने की मांग करते हुए कहा कि इससे हजारों लोगों को आवागमन की स्थायी सुविधा मिल सकेगी।

### छात्रावास मामले को ले पकरीबरावां में बैठक



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के डाकबंगला परिसर में शुक्रवार को कमलेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उच्च विद्यालय के छात्रावास के मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में इस मामले पर लोगों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, विपिन कुमार, सत्येंद्र कुमार, शिव दास, दिलीप कुमार रंजन, पूर्व मुखिया श्रवण कुमार, परमानंद शर्मा, चंदेश्वर चौहान, सुदामा चौहान, निरंजन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# रजौली में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 5 हाईवा-ट्रक जब्त,52 लाख से ज्यादा का जुर्माना प्रस्तावित, प्राथमिकी दर्ज



**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ रजौली प्रशासन और खनन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई कर बड़ी सफलता हासिल की है। गुरुवार की देर रात करीब 3:30 बजे चितरकोली समेकित जांच चौकी के पास एनएच-20 पर छापेमारी कर 5 हाईवा-ट्रकों को लदे हुए पत्थर के साथ जब्त किया गया। वही सभी ट्रक चालक मौके से फरार हो गए। जिला खनन पदाधिकारी प्रत्यय अमन एवं एसडीएम रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन के संयुक्त निर्देशन और नेतृत्व में खनन निरीक्षक संतोष प्रकाश झा,अंजनी कुमार और आजाद पासवान के द्वारा कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कोडरमा की ओर से आ रहे 4 गिट्टी लदे हाइवा-ट्रकों को रोका गया। पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। जांच में पाया गया कि चारों ट्रकों में मध्य प्रदेश के सीधी जिले से पत्थर लदा था और सभी के पास एक ही ई-चालान और ट्रांजिट पास पर एक से अधिक बार परिवहन किया गया था। टोल प्लाजा के रिकॉर्ड से भी इसकी पुष्टि हुई। जब्त ट्रकों जेएच12ई9990, जेएच12पी 1864, जेएच 02बीडब्लू 8119 एवं बीआर 27जीबी8136 पर लगभग 40 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है और शमन शुल्क प्रस्तावित किया गया है। वहीं दूसरी ओर एक कोयला लदी ट्रक संख्या जेएच09बीई5396 को भी जब्त किया गया है,जिसपर लगभग 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। खनन निरीक्षक अंजनी कुमार ने रजौली थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर गिट्टी लदे चारों वाहनों के मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि लिखित आवेदन के आलोक में बिहार खनिज नियमावली 2019, यथासंशोधित 2024 एवं 2026 के नियम-56 और बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिक दर्ज किया गया है। खनन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि अवैध खनिज परिवहन पर आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## पेपर लीक के विरोध में आइसा का मशाल जुलूस, बिहार बंद सफल बनाने की अपील



**लोकतंत्र की आवाज**

**समस्तीपुर।** विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के विरोध,केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा देने,आंदोलन के दौरान गिरफ्तार छात्रों-युवाओं की रिहाई,छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने,एनटीए को भंग करने,एनपीए को रद्द करने तथा छात्र आंदोलनों पर पुलिसिया कार्रवाई बंद करने की मांग को लेकर बिहार बंद की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को आइसा (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन) के बैनर तले समस्तीपुर में मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व आइसा के जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार,जिला सचिव लोकेश राज एवं जिला उपाध्यक्ष दीपक यादववंशी ने किया। मशाल जुलूस शहर के मालगोदाम चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेशन चौक स्थित गांधी स्मारक पहुंचा,जहां जोरदार नारेबाजी के बाद सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि लगातार पेपर लीक की घटनाओं से छात्रों और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने,केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने, आंदोलन के दौरान गिरफ्तार छात्रों को अविलंब रिहा करने,दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा छात्र आंदोलनों पर पुलिसिया दमन बंद करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि छात्रों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनदबाव आवश्यक है। उन्होंने समस्तीपुर जिले के छात्रों,युवाओं एवं आम नागरिकों से बिहार बंद में बढ़-चढ़कर भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की।सभा को सोनू कुशवंशी,गोलू यादव,अभिषेक चौधरी, धीरज कुमार,आशीष देव, अंशु कुमार,राकेश कुमार, अग्रसेन,अनिरुद्ध,सौरभ, कुंदन,भाकपा (माले) के प्रो. उमेश कुमार,सुरेंद्र प्रसाद सिंह,ललन कुमार,अशोक कुमार,जयंत कुमार,द्रख्शा जबीं,तौफीक आलम एवं आफताब आलम सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

## मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे खिले, धान रोपनी कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा):** सिरदला प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार रात हुई मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। लगातार हुई वर्षा से खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है, जिससे धान की खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। प्रखंड के विभिन्न गांवों में तालाब, आहर, पइन और जलस्रोत लबालब हो गए हैं तथा कई स्थानों पर पानी का बहाव भी देखा जा रहा है। बारिश के बाद किसानों ने धान रोपनी का कार्य तेज कर दिया है और खेतों में कृषि गतिविधियां बढ़ गई हैं। हालांकि किसानों का कहना है कि इस वर्ष बारिश समय पर नहीं होने के कारण धान की नर्सरी (मोरी) पूरी तरह तैयार नहीं हो सकी है। यदि पहले बारिश हो जाती तो नर्सरी बेहतर तरीके से तैयार हो जाती और रोपनी कार्य और अधिक गति पकड़ता। इसके बावजूद वर्तमान बारिश को किसानों ने राहत भरा बताया है। किसानों को उम्मीद है कि यदि आने वाले दिनों में भी अच्छी वर्षा होती रही तो धान की फसल बेहतर होगी और उत्पादन में बढ़ोतरी से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## पीडीएस का सड़ा राशन बंटना गंभीर मामला: विधायक विमल राजवंशी

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**
रजौली विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रखंडों में जन वितरण प्रणाली के तहत सड़ा और घटिया खाद्यान्न बांटे जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। विधायक विमल राजवंशी ने इसे गरीबों के स्वास्थ्य और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विश्वसनीयता पर सीधा हमला बताते हुए विधानसभा में आवाज बुलंद की है। विधायक विमल राजवंशी ने बिहार विधानसभा में नियम-104(3) के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव देकर रजौली, सिरदला एवं मेसकौर प्रखंड के विभिन्न पीडीएस दुकानों में राज्य खाद्य निगम के गोदामों से आ रहे सड़े, बदबूदार, कीटयुक्त और मानकविहीन खाद्यान्न का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ₹सरकार गरीब और अंत्योदय परिवारों को जो राशन दे रही है, अगर वही खाने लायक नहीं होगा तो यह सिर्फ जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं है, बल्कि पूरी पीडीएस व्यवस्था पर सवाल है।

**लाभुकों और डीलरों से मिल रही लगातार शिकायतें :** विधायक के अनुसार उन्हें क्षेत्र के कई लाभुकों और पीडीएस विक्रेताओं से लगातार शिकायतें मिल रही हैं। आरोप है कि गोदाम से ही खराब गुणवत्ता वाला गेहूं और चावल भेजा जा रहा है। इसे लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। कई जगह लाभुक राशन लेने से इनकार कर रहे हैं।

**उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग :** विधायक ने सरकार से तीन सूत्रीय मांग की है। इनमें पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने,दोषी गोदाम प्रबंधकों, परिवहन एजेंसियों, गुणवत्ता जांच अधिकारियों और अन्य जिम्मेदार कर्मियों पर कड़ी विधिसम्मत कार्रवाई करने एवं सभी पीडीएस दुकानों से खराब खाद्यान्न तुरंत हटाकर उसकी जगह मानक गुणवत्ता वाला खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाना शामिल है। विधायक ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ राशन का नहीं, बल्कि गरीबों के अधिकार और स्वास्थ्य से जुड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधानसभा में वे इस मुद्दे को पूरी मजबूती से उठाते रहेंगे और तब तक संघर्ष जारी रखेंगे जब तक रजौली विधानसभा के हर लाभुक को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हो जाता।

# रजौली में राशन कार्ड निर्माण को लेकर एमओ की ताबड़तोड़ बैठक, पंचायतों में बांटे जा रहे हैं फॉर्म

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**
रजौली प्रखंड क्षेत्र में नए राशन कार्ड बनाने और प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से एमओ द्वारा विभिन्न पंचायतों में लगातार बैठकें की जा रही हैं, जिसके तहत रजौली पूर्वी, रजौली पश्चिमी और जोगियामारण पंचायत के डीलरों तथा जन प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में एमओ अजीत कुमार की उपस्थित में सभी डीलरों को निर्देशित किया कि नए राशन कार्ड बनाने के लिए प्रपत्र 'क' और प्रपत्र 'ख' का फॉर्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित किया जाए, जिसकी प्रक्रिया 20 जुलाई से लगातार जारी है। बैठक के दौरान यह विशेष रूप से बताया गया कि नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदनकर्ताओं को जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है ताकि सत्यापन कार्य सुगमता से पूरा किया जा सके। समीक्षा बैठक में जोगियामारण के पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार के साथ-साथ विक्रेता बोलेंद्र प्रसाद सिंह, दरोगी साव, ललन गुप्ता, गोलु कुमार, रामसंजीवन सिंह, दिलीप चौधरी, नवीन कुमार, विकास कुमार, संजय कुमार व कुंदन कुमार सहित कई प्रमुख डीलर और ग्रामीण उपस्थित रहे। एमओ द्वारा प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में जाकर खुद डीलरों, मुखियाओं तथा विकास मित्रों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है ताकि प्रखंड क्षेत्र के निर्धारित छह हजार राशन कार्ड के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ प्राप्त किया जा सके। एनएफएसए नियमों के तहत लगभग पचासी प्रतिशत आबादी को इसका लाभ मिलना है,और प्रशासनिक स्तर पर तय किए गए इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एमओ द्वारा प्रत्येक दिन सभी पंचायत के डीलरों से मिलकर युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है,जिससे आम जनता और जरूरतमंदों को समय पर नए राशन कार्ड का लाभ मिल सके।

## 25 जुलाई को राज्य सरकार की उपलब्धियों के व्यापक प्रचार जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर होगा विशेष कार्यक्रम

**लोकतंत्र की आवाज**



**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** मुख्य सचिव, बिहार के निर्देशानुसार बिहार सरकार की विगत दिनों की उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से दिनांक 25 जुलाई, 2026 को पूर्वाह्न 11:15 बजे जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय आयोजन का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा तथा आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा। जिलाधिकारी, भागलपुर द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला स्तर पर उप विकास आयुक्त-सह-सीईओ को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है, जबकि प्रखंड स्तर पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी होंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, जीविका समूहों, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय उद्यमियों तथा आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जीविका से जुड़े सीएलएफ, स्वयं सहायता समूहों एवं ग्राम संगठनों की महिलाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी विभागों को अपने-अपने विभाग की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण जिला जनसंपर्क कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के उपरांत फोटो, वीडियो एवं संक्षिप्त प्रतिवेदन जिला जनसंपर्क कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जारी आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन करें।

# रजौली में सर्वर डाउन रहने से दर्जनों आवेदक परेशान, जाति-आवासीय-आय प्रमाण पत्र बनवाने आए लोग घंटों परेशान

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** सर्वर डाउन होने के कारण शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में आम लोगों का जरूरी काम ठप हो गया। जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र सहित अन्य आरटीपीएस सेवाओं के लिए आए आवेदकों को साइबर कैफे से लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय तक घंटों भटकना पड़ा। सुबह से ही प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने कागजात लेकर साइबर कैफे पहुंचे। लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण ऑनलाइन आवेदन ही नहीं हो पाया। कैफे संचालकों ने लोगों को प्रखंड कार्यालय जाने की सलाह दी। वहां भी स्थिति जस की तस रही। आरटीपीएस काउंटर पर भी कंप्यूटर स्क्रीन पर ₹सर्वर एरर₹ दिखता रहा। नतीजतन छात्र, नौकरी के अभ्यर्थी और आम नागरिक घंटों तक सर्वर ठीक होने का इंतजार करते रहे। कई लोग मायूस होकर बिना काम कराए ही वापस लौट गए। प्रखंड परिसर में मौजूद आवेदकों ने कहा कि ₹कॉलेज में नामांकन की अंतिम तिथि है, जाति प्रमाण पत्र के लिए तीन दिन से दौड़ रहे हैं। सर्वर ही नहीं चल रहा।₹ वहीं कुछ लोगों ने शिकायत किया कि राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन करने पर वेरिफिकेशन किए जाने के बाद भी डोंगल से साइन होने में काफी देरी होती है। इससे लोगों को बिना जाति,आवासीय और आय प्रमाण पत्रों के राशन कार्ड बनवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सीओ मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि टेक्निकल इशू के कारण कभी-कभी इस तरह की परेशानी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरटीपीएस काउंटर पर कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा ऑनलाइन का कार्य लगातार किया जा रहा है और सर्वर ठीक होते ही सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता पर किया जाएगा। वहीं लगातार सर्वर डाउन होने से आरटीपीएस की ऑनलाइन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जरूरी कागजात के लिए बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे है।

## शिवहर : छात्रों का उग्र प्रदर्शन, जीरो माइल से समाहरणालय तक हंगामा, हिरासत में तीन छात्र

**लोकतंत्र की आवाज**



**शिवहर।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर शुक्रवार को शहर के सैकड़ों छात्रों ने जीरो माइल चौक से समाहरणालय तक जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और निष्पक्ष जांच की मांग की। स्थिति को देखते हुए एसपी शैलेंद्र कुमार सिंह बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर सड़क पर उतरे। जीरो माइल चौक से समाहरणालय तक पुलिस ही पुलिस नजर आई। तकरीबन 500 से अधिक छात्र अचानक जीरो माइल चौक पर जमा हो गए और ₹नीट परीक्षा रद्द करो₹, ₹लोकतंत्र बचाओ,तानाशाही नहीं चलेगी₹ के नारे लगाते हुए समाहरणालय की ओर बढ़े। भीड़ उग्र होकर नारेबाजी और हंगामा करने लगी। पुलिस ने एसपी के निर्देश पर लाठी के बल पर भीड़ को खदेड़कर तितर-बितर किया। छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर भगाया गया। प्रदर्शन के दौरान कुछ देर तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने हंगामा करने के आरोप में 3 लोगों को हिरासत में लिया। प्रशासन का कहना है कि शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं छात्रों ने कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती,उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया




लोकतंत्र की आवाज
नासरीगंज। प्रखण्ड के अमियावर गांव में सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के सौजन्य से वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व नुक्कड़ नाटक मंडली के नरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि बैंक की ओर से जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत के विभिन्न गावं में भ्रमण कर ऊपभोगताओं को सरकार के विभिन्न बैंकिंग सुविध, अटल पेंशन योजना, केसीसी, जीवन ज्योति, ओटीएस आदि के विषय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। गुरुवार को उक्त जत्थे द्वारा पडूरी, अमियावर, पवनी, परसियां, और डिहरी में भ्रमण कर जागरूकता का संदेश दिया गया। मौके पर बीस सूत्री सदस्य मीनू सिंह, पूर्व उपमुखिया राजू सिंह, नाटक मंडली के बिरजू कुमार, निशा कुमारी, प्रीति कुमारी, श्याम गुप्ता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही हुई मौत

लोकतंत्र की आवाज
बिक्रमगंज। आरा–सासाराम मुख्य मार्ग पर बिक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहिनी पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की शाम करीब छह बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के महाराजगंज गांव निवासी स्वर्गीय ददन राम के पुत्र छोटू राम के रूप में हुई है । मिली जानकारी के अनुसार छोटू राम बाइक से अपने घर लौट रहा था । इसी दौरान मोहिनी पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया । दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया । बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद युवक को वाहन द्वारा कुछ दूर तक घसीटे जाने की भी बात सामने आई है । घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी । सूचना मिलते ही परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे । सड़क पर पड़े छोटू राम के शव को देखते ही परिजनों में चीख– पुकार मच गई । परिजनों के करुण क्रंदन से घटनास्थल का माहौल गमगीन हो गया । घटना के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई,जिससे आरा– सासाराम मुख्य मार्ग पर कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा । सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली । पुलिस ने परिजनों एवं ग्रामीणों को समझा–बुझाकर शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया । इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है । अज्ञात वाहन एवं उसके चालक की पहचान के लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

### करहगर: गुमशुदा की तलाश दर दर भटकते परिजन नहीं मिला कोई सुराग



लोकतंत्र की आवाज
करहगर। करगहर के पहाड़ी गांव निवासी पिंटू तिवारी का पुत्र अर्पित राज तिवारी दिनांक 17 जुलाई 2026 को ट्रेन पकड़ कर आरा चला गया। इसके बाद वो अभी तक घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा खोजबीन की जा रही है। लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है खोजबीन कर निराश परिजन ने करहगर थाना को लिखित आवेदन के कर गुहार लगाई है।अगर यह बालक कहीं दिखे तो परिजन के मोबाइल नंबर 9304581275 / 8688717821 पर संपर्क करें। परिजन द्वारा ईनाम देने की भी बात कही गयी है। निराशा परिजन एवं उनके माता–पिता का रो–रो करके बुरा हाल है।

### गैस एजेंसी का गोदाम का बारिश के कारण धराशायी, बाल-बाल बचे कर्मी



लोकतंत्र की आवाज
नासरीगंज। स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 14 हरिहरगंज सोन नदी तट स्थित रूपेश इंडेन गैस सर्विस एजेंसी का गोदाम का पिछला दीवार तेज आंधी व बारिश के कारण धराशायी हो गया। जिसमें एजेंसी के कर्मी बाल–बाल बच गए। इस सम्बंध में उक्त गैस एजेंसी के अधिस्वामी डा0इंद्रेश्वर कुमार व प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि तेज बारिश व आंधी के कारण गुरुवार मध्य रात्रि गोदाम का पिछला दीवार लगभग 60 फिट लंबा और 12 फिट ऊंचा धराशायी हो गया। जिससे गोदाम पर तैनात कर्मी व नाईट गार्ड की अचानक नींद खुलने से बाल बाल बच गये। उक्त दीवार के टूटने से गोदाम पीछे से एकदम खुला हुआ हो गया है, जो सुरक्षा की दृष्टिकोण से उचित नहीं है। गोदाम में रखे गैस सिलेंडर आदि के चोरी होने की प्रबल संभावना है। इस सम्बंध में प्रबंधक ने इसकी सूचना इंडियन ऑयल को दे दिया है। गोदाम कर्मी उक्त दीवार के टूटने से असहज महसूस कर रहे हैं। उन्होंने यथाशीघ्र दीवार का निर्माण कराने की मांग एजेंसी के अधिस्वामी व प्रबंधक से किया है।

### डेहरी: झारखंडी बाबा मंदिर परिसर में सभा मंच, सफाई और सुरक्षा की मांग तेज

लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता पारसनाथ दूबे
डेहरी (रोहतास) डेहरी अनुमंडल विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर पांडे उर्फ मुटूर पांडे ने डेहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह से अति प्राचीन झारखंडी बाबा मंदिर के प्रांगण में सभा मंच निर्माण की मांग की है। पांडे ने कहा कि मंदिर परिसर में पूर्व विधायकों द्वारा शादी के नाम पर बनवाया गया कमरा और पूर्व केंद्रीय मंत्री कांति सिंह द्वारा बनवाया गया विवाह मंडप कई वर्षों से बिना रंग–रोगन के जर्जर हो चुका है। परिसर में चारों तरफ कचरा और गंदगी फैली है। जबकि हर साल यहां हजारों शादियां धूमधाम से संपन्न होती हैं। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि शादी के समय भीड़ बढ़ने से चोर और उठाईगिरों की संख्या बढ़ जाती है। लोग अपना सामान संभालने में लगे रहते हैं जिससे भय का माहौल बनता है। झारखंडी मंदिर में शादी के लिए बिहार, झारखंड और बंगाल सहित कई राज्यों से लोग आते हैं। इस मांग का समर्थन सामाजिक कार्यकर्ता राजेश्वर यादव, सुधीर तिवारी, राम इकबाल सिंह, महेंद्र पांडे और नीरज चतुर्वेदी जितेंद्र पांडे अजय यादव शिक्षक ने भी किया है। सभी ने कहा कि परिसर में सफाई के साथ–साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय लोगों ने विधायक से जल्द पहल कर मंदिर परिसर को व्यवस्थित करने की अपील की है।

# स्थानांतरित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार को भावभीनी विदाई, नवपदस्थापित बीईओ सोनू कुमार का भी हुआ सम्मान

लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता अशोक कुमार**
**शिवसागर।** किसान भवन, शिवसागर में स्थानांतरित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार के सम्मान में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवपदस्थापित एवं प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सोनू कुमार का भी शिक्षकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने कहा कि श्री राजेश कुमार ने अपने कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा शिक्षकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का सराहनीय कार्य किया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सोनू कुमार को भी सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं।




समारोह में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) रोहित कुमार चौरसिया, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) जय कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) रजनीश कुमार उपाध्याय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन योजना) रवि कुमार रोशन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहित भारद्वाज सहित कई अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शिक्षकों ने स्थानांतरित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर भावभीनी विदाई दी, वहीं नवपदस्थापित एवं प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सोनू कुमार का भी अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में राजेश कुमार ने शिवसागर में मिले सहयोग के लिए सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं सोनू कुमार ने शिक्षकों का धन्यवाद देते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा सभी के सहयोग से बेहतर कार्य करने का विश्वास दिलाया। समारोह का आयोजन समस्त शिक्षक



वृंद, प्रखंड शिवसागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डेहरी में क्रांतिकारी दिवस पर तिलक व आजाद को श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज

**विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प**

**संवाददाता पारसनाथ दूबे**
**डेहरी सदर।** क्रांतिकारी दिवस के मौके पर भारतीय ब्राह्मण महासभा ने शहर के न्यू एरिया स्थित ओझा भवन कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद सहित अन्य अमर शहीदों को याद किया। कार्यक्रम में क्रांतिकारियों के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद शहीदों की जीवनी और विचारों पर गोष्ठी हुई। अध्यक्षता सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी इंद्रदेव चौबे ने की और संचालन विजय कुमार मिश्र ने किया।

महासभा के सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि हमारी आजादी इन्हीं महापुरुषों की देन है। चंद्रशेखर आजाद ऐसा भारत चाहते थे जिसमें गरीब से गरीब व्यक्ति भी यह महसूस करे कि यह देश उसका है।

वक्ताओं ने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है" का नारा देकर उन्होंने शिक्षा, संगठन और आत्म-बलिदान पर जोर दिया। तिलक गणित, संस्कृत, ज्योतिष और वेदों के विद्वान थे। उन्होंने केसरी और मराठा अखबार निकालकर जनता को जागृत किया और गणेशोत्सव व शिवाजी जयंती की शुरुआत की।

चंद्रशेखर आजाद के बारे में बताया गया कि वे 14 साल की उम्र में असहयोग आंदोलन से जुड़े। काकोरी कांड, लाहौर षड्यंत्र और असेंबली बम कांड के जरिए उन्होंने अंग्रेजों में दहशत पैदा की और अंत तक आजाद रहे।

इस मौके पर अनिल मिश्रा, प्रेम पाठक, प्रमोद दूबे, पंकज ओझा, परमानंद दूबे, पंकज तिवारी समेत कई लोगों ने विचार रखे। कार्यक्रम में श्यामजी तिवारी, अनिल तिवारी, पं. अशोक दुबे, विकास दुबे, प्रशांत तिवारी, संतोष पांडेय, रंजीत दुबे, सुदामा दुबे, उमेश दुबे, संजीत तिवारी, ब्रजेश मिश्र, राज पांडेय, अजय पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नासरीगंज: 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
**नासरीगंज।** थाना क्षेत्र के पैगा गांव से स्थानीय पुलिस ने 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज पैगा गांव का निवासी बाबुधन कुमार राम बताया जाता है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि पैगा गांव से 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार धंधेबाज को जेल भेज दिया गया।

## जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर डीएम एवं एसपी ने पुलिस बल के साथ सासाराम के प्रमुख क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च



लोकतंत्र की आवाज
**दिनेश तिवारी**
**सासाराम।** जिले में विधि–व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आज जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक रोहतास रौशन कुमार ने पुलिस बल के साथ सासाराम के प्रमुख क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और भ्रामक सूचनाओं का प्रसार न करें। सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों पर फैलने वाली अफवाहों पर प्रशासन की सतत निगरानी रखी जा रही है। कानून व्यवस्था भंग करने अथवा अफवाह फैलाने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेम प्रसंग में गई अभिषेक की जान, 24 घंटे के भीतर हत्या कांड में एक नामजद आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** विगत 24 जुलाई को धौडाड़ थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना हुई।जिसमें युवक अभिषेक कुमार की हत्या की गई । इस मामले में रोहतास पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर प्रेस कांफ्रेंस में माध्यम से जानकारी दी है।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डिहरी से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, धौधाड़ थाना कांड संख्या 68/2026 में दर्ज मामले के अनुसंधान के दौरान गठित विशेष छापेमारी दल ने आरोपी अथर्व भारद्वाज उर्फ पियूष उपाध्याय (21 वर्ष), निवासी थाना नौहट्टा, जिला रोहतास, को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मृतक अभिषेक कुमार और मुख्य आरोपी रंजीत कुमार पासवान के बीच पूर्व से कार एवं आपसी संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण कथित रूप से हत्या की योजना बनाई गई। पुलिस का कहना है कि हत्या के बाद शव को स्विफ्ट कार से ठिकाने लगाने के दौरान लेरूआ पुल के समीप कार सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से टकरा गई, जिससे मामला उजागर हुआ।घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त स्विफ्ट कार (JH-10BP9696) तथा गिरफ्तार आरोपी के पास से एक सैमसंग मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा मंडल के ग्रामीण के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

लोकतंत्र की आवाज

**नासरीगंज।** प्रखंड के मनौली में सुरेश पांडे के आवास पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल के ग्रामीण के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष अजय कुमार शौंडिक की अध्यक्षता एवं जिला बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेश पांडे के संचालन में हुई इस कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से की गई।



वही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय कुमार शौंडिक ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना हमारा मुख्य दायित्व है। उन्होंने संगठन की मजबूती और अनुशासन पर भी विशेष जोर दिया। वही जिला प्रवक्ता प्रमोद कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

बैठक के दौरान 'सरल ऐप' के उपयोग और 'मन की बात' कार्यक्रम को जन-जन तक पहुँचाने की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती के लिए अपने-अपने विचार रखे।मौके पर जिला प्रवक्ता सह मंडल प्रभारी प्रमोद कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रेमेश्वर गुप्ता, मंडल कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, मंडल उपाध्यक्ष शिवजी व बृजेश कुमार, पंचायत अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, तथा विकास पांडे, अमरेश, गोविंद, शिवमंगल प्रजापति सहित कई सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लूटकांड के दो फरार आरोपितों के घर कुर्की, चौखट-दरवाजे किए गए जब्त

लोकतंत्र की आवाज

**काराकाट।** थाना पुलिस ने वर्ष 2023 के लूटकांड के एक मामले में न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को दो फरार अभियुक्तों के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। यह कार्रवाई थाना कांड संख्या 09/23 के तहत की गई। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि कांड के अभियुक्त भरत पासवान, पिता विदेशी पासवान, ग्राम कुशी तथा सोनू पासवान, पिता ललन पासवान, ग्राम सर्वानन्द डिहरी, थाना काराकाट के घर न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कुर्की की गई।



पुलिस ने विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत दोनों अभियुक्तों के घर से चौखट, दरवाजे और खिड़कियां उखाड़कर जब्त कर लीं। इसके अलावा घर में मौजूद अन्य सामान भी जब्त किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि फरार अभियुक्तों के विरुद्ध इश्तिहार और कुर्की की कार्रवाई में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कानून से बचने की कोशिश करने वाले आरोपितों के खिलाफ न्यायालय के आदेशानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कुर्की अभियान के दौरान थानाध्यक्ष विवेक कुमार, एसआई विकास कुमार, एसआई मनजीत कुमार सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

## दस वर्षों से फटा पड़ा है पीएचडी का पाइप, लाखों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

लोकतंत्र की आवाज
**सासाराम।** शहर के वार्ड संख्या 30 और वार्ड संख्या 34 के सौवरा बीर काले खाँ के पास पीएचडी (लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग) का जलापूर्ति पाइप पिछले लगभग दस वर्षों से फटा हुआ बताया जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कारण लगातार पानी की बर्बादी हो रही है और समस्या आज तक जस की तस बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, इस गंभीर समस्या की जानकारी कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को दी गई, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि एक ओर जल संरक्षण की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर वर्षों से बहता हुआ पानी विभागीय लापरवाही पर सवाल खड़े कर रहा है।

# कसौधन समाज को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्षा को सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता पारसनाथ दूबे**
**डेहरी ऑन सोन।** अखिल भारतवर्षीय कसौधन वैश्य महासभा (पंजी.) के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्षा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कसौधन समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की केंद्रीय सूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंगबली कसौधन ने किया।उनके साथ राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (कसौधन), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



कैलाश कश्यप, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शारदा कसौधन तथा नवमनोनीत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंत कुमार कसौधन भी मौजूद थे।

ज्ञापन में बताया गया कि कसौधन समाज लंबे समय से केंद्र सरकार की ओबीसी केंद्रीय सूची में शामिल किए जाने की मांग कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने समाज की सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति का उल्लेख करते हुए आयोग की अध्यक्षा से इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया, ताकि समाज को उसका न्यायोचित अधिकार मिल सके। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने साध्वी निरंजन ज्योति को महर्षि कश्यप का चित्र, स्मृति चिह्न, शाल एवं पटका भेंट कर सम्मानित किया। आयोग की अध्यक्षा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना, ज्ञापन स्वीकार किया और विषय पर नियमानुसार विचार करने का आश्वासन दिया।

दिल्ली से लौटने के बाद महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संतोष कुमार कसौधन ने पत्रकारों को बताया कि केंद्र सरकार से सकारात्मक निर्णय की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में बिहार सरकार के संबंधित मंत्री से मुलाकात कर राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र को प्रस्ताव भेजने की पहल की जाएगी, ताकि केंद्रीय ओबीसी सूची में समाज को शामिल कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ सके।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जापानी दल ने जाना बनासो में वनोपज से आजीविका का मॉडल, मूल्य संवर्धन, आकर्षक पैकेजिंग और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से बढ़ेगी ग्रामीणों की आय: डॉ अतसुको व कैची मईदा



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)

जापान के दो सदस्यीय पर्यटक दल ने गुरुवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो गांव का दौरा किया। इस दौरान पंचायत भवन सभागार में संयुक्त वन प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, वन सुरक्षा समिति और ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जापानी पर्यटकों डॉ अतसुको नोनोगुची और कैची मईदा ने क्षेत्र में जंगलों से मिलने वाले लघु वनोपज व उनके उपयोग के बारे में जानकारी ली। सखी मंडल की महिलाओं और ग्रामीणों ने महुआ, चिरौंजी, चिरायता, पलाश के फूल, हरड़, बहेड़ा और आंवला जैसे वन्य उत्पादों के संग्रहण तथा विपणन की प्रक्रिया साझा की। ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्तमान में इन उत्पादों को स्थानीय बाजार में बेचकर आजीविका चलाते हैं। इस पर जापानी दल ने कच्चे उत्पादों की बेहतर प्रोसेसिंग का सुझाव दिया। कहा कि आकर्षक पैकेजिंग और ऑनलाइन व रिटेल प्लेटफॉर्म्स के जरिए बड़े बाजारों तक पहुंच बनाई बनाई जा सकती है, जिससे ग्रामीणों को सही मूल्य मिल सकेगा। सामूहिक रूप से काम करने से उत्पादन और विपणन दोनों में काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम का सफल संचालन कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर बीपीएम दिव्या सिन्हा, सीसी विजय कुमार, बीएपी नारायण महतो, जेंडर सीआरपी प्रयाग पासवान और समाजसेवी सुरेश राम सहित भारी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

### हजारीबाग में अपराधियों की घेराबंदी, एसपी पहुंचे मौके पर; सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। हजारीबाग। केरेडारी थाना क्षेत्र में देर रात हुई पुलिस–मुठभेड़ के बाद हजारीबाग पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अपना अभियान और तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी कार्रवाई की जानकारी ली। एसपी के निर्देश पर आसपास और संभावित ठिकानों में बड़े पैमाने पर सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, ताकि राहुल दुबे गिरोह के फरार सदस्यों को जल्द से गिरफ्तार किया जा सके। मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों अपराधियों से लगातार पूछताछ की जा रही है। इनसे मिली जानकारी के आधार पर गिरोह के अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पूछताछ के आधार पर गिरोह से जुड़े अन्य अपराधियों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। पुलिस ने पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। प्रमुख मार्गों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि राहुल दुबे गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी तक अभियान रुकेगा नहीं। हजारीबाग पुलिस इसे संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की अहम कड़ी मानते हुए हर इनपुट पर तेजी से कार्रवाई कर रही है।

### धनबाद-गोमो रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में अज्ञात व्यक्ति की मौत, कुछ देर रुकी राजधानी एक्सप्रेस



लोकतंत्र की आवाज
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता। धनबाद–गोमो रेलखंड पर गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा गंगा गौशाला के समीप रेलवे पुल के पास, पोल संख्या 284/18 के निकट हुआ। घटना के समय राजधानी एक्सप्रेस को इसी रेलखंड से गुजरना था, लेकिन ट्रैक पर शव पड़े होने के कारण ट्रेन को कुछ देर के लिए गोमो स्टेशन पर रोकना पड़ा। सूचना मिलने पर ट्रैकमैन ने तत्काल ट्रैक से शव हटाया, जिसके बाद राजधानी एक्सप्रेस को सुरक्षित आगे के लिए रवाना किया गया।

# जन सरोकार के ज्वलंत समस्याओं पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने लिया संज्ञान उपायुक्त आदित्य रंजन से मिलकर रखी प्रमुख मांगें

लोकतंत्र की आवाज़

धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** 23 जुलाई 2026 को विधानसभा सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने धनबाद शहर की विभिन्न ज्वलंत एवं जनसरोकार से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन से मुलाकात कर किया विस्तृत चर्चा। विधायक ने स्पष्ट कहा कि धनबाद की जनता लंबे समय से जिन समस्याओं का सामना कर रही है! उनका अब अविलंब समाधान होना चाहिए। विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है।



उन्होंने कहा कि धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर पर मुख्य मार्ग के किनारे जलजमाव एवं बड़े पैमाने पर कचरे के जमाव के कारण अत्यंत नारकीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने स्वयं स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा वहीं से धनबाद डीआरएम एवं नगर आयुक्त से दूरभाष पर बात कर इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए रेलवे एवं नगर निगम की संयुक्त समन्वय बैठक शीघ्र आयोजित करने की मांग की। इस संबंध में उपायुक्त से भी आवश्यक पहल करने का आग्रह किया गया।

राज सिन्हा ने धनबाद -बोकारो मुख्य मार्ग पर केंदुआ पुल के समीप धंसी सड़क का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि 7 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में दो दिनों के भीतर कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था। किंतु 23 जुलाई तक कोई कार्य प्रारंभ नहीं होना अत्यंत गंभीर विषय है। इस पर उपायुक्त ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं बीसीसीएल प्रबंधन से दूरभाष पर बात कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विधायक ने बरसात के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर नवाडी सहित अन्य इलाकों में होने वाले भीषण जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान का भी किया मांग। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। इसलिए इस दिशा में ठोस एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना बनाकर तत्काल कार्रवाई आवश्यक है।उन्होंने हीरक प्वाइंट के समीप आठ लेन मार्ग के जंक्शन पर लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक दबाव एवं जाम की समस्या की ओर भी उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया।

विधायक ने कहा कि इस स्थान पर फ्लाईओवर निर्माण की मांग वे विधानसभा में भी उठा चुके हैं। उनकी पहल पर विधानसभा से आरसीडी विभाग से व्यवहार्यता (फिजिबिलिटी) रिपोर्ट मांगी गई थी। जिसे विभाग द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। अब इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र स्वीकृति देकर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना चाहिए। हत्या इसके अतिरिक्त विधायक ने बरमसिया, बैलगड़ियां, करमाटांड़ मुख्य सड़क के शीघ्र निर्माण, गया पुल के समीप चौड़ीकरण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त पेवर ब्लॉकों के कारण राहगीरों को हो रही परेशानी सहित शहर के अन्य आधारभूत संरचना संबंधी मुद्दों को भी विस्तार से उपायुक्त के समक्ष रखा। इस इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि धनबाद की जनता को बेहतर सड़क, स्वच्छता, सुगम यातायात और जलनिकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर मैं पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा हूं। संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त आदित्य रंजन ने विधायक द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा देते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयास से धनबाद शहर की इन महत्वपूर्ण समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मानस प्रसून, जिला मंत्री मौसम सिंह, तमाल राय सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## "चतरा में कांग्रेस पर बरसे रौशन कुमार सिंह, बोले- डफली बजाने से नहीं बदलेगी जनता की राय"

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड चतरा(झारखंड)।** पेपर लीक और युवाओं के भविष्य के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के विरोध प्रदर्शन को लेकर हंटरगंज विधायक प्रतिनिधि रौशन कुमार सिंह ने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार और चतरा जिला कांग्रेस कमेटी पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस सरकार हर महत्वपूर्ण मोर्चे पर विफल साबित हुई है। रोजगार, कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार के आरोप, प्रशासनिक व्यवस्था और विकास के मुद्दों पर जनता लगातार सवाल उठा रही है, लेकिन सरकार जवाब देने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त है। रौशन कुमार सिंह ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी पेपर लीक और युवाओं के भविष्य की बात कर रही है, लेकिन उसे झारखंड में सामने आए विभिन्न विवादों और मामलों पर भी जनता को जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि झारखंड में JSSC नियुक्ति परीक्षाओं से जुड़े विवाद, सहायक पुलिस भर्ती और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोप, जमीन से जुड़े मामले, खनन से जुड़े आरोप और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे समय-समय पर चर्चा में रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी मामलों में जांच एजेंसियां और न्यायिक प्रक्रिया अपना काम कर रही हैं, लेकिन जनता पारदर्शिता और जवाबदेही चाहती है। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े मामलों, कथित अवैध खनन और सरकारी नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर झारखंड की राजनीति में लगातार सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी को दूसरों पर सवाल उठाने से पहले अपनी सहयोगी सरकार के कार्यकाल का मूल्यांकन करना चाहिए।

चतरा जिला कांग्रेस कमेटी पर निशाना साधते हुए रौशन कुमार सिंह ने कहा कि जिले के कांग्रेस नेताओं को धरना-प्रदर्शन की राजनीति छोड़कर जनता के बीच जाना चाहिए और बताना चाहिए कि उन्होंने चतरा के विकास और युवाओं के हित में क्या किया है उन्होंने कहा, "कांग्रेस पार्टी आज बौखलाहट में डफली गैंग के साथ खड़ी होकर राजनीति कर रही है। लेकिन जनता अब सिर्फ शोर और नारों से प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा, "जो लोग आज युवाओं के नाम पर राजनीति कर रहे हैं, उन्हें पहले अपने शासनकाल और अपने सहयोगी सरकार के कार्यों का हिसाब जनता के सामने रखना होगा। झारखंड की जनता सब देख रही है और सही समय पर जवाब देगी।"

## धनबाद कतरास अंचल कार्यालय में जनसुनवाई, नगर आयुक्त ने की लोगो से अपील नालियों में कचड़ा ना फेंके

लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** धनबाद नगर निगम के कतरास अंचल कार्यालय में गुरुवार को जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया.जिसमे वार्ड 1 से लेकर 8 तक के लोगो ने अपनी- अपनी समस्याओं को रखा. जिसे नगर आयुक्त ने सुनकर लोगो को कई योजनाओं की जानकारी दी.इस दौरान नाली जाम, जलजमाव, स्ट्रीट लाइट खराब, शौचालय,पानी व्यवस्था,सफाई कर्मियों की समुचित व्यवस्था, टैंकर से पानी वितरण,मृत्युप्रमाण पत्र, फॉगिंग सहित अन्य मुद्दे उठे. नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने बताया कि शिविर में नाली व जलजमाव की अधिक समस्या आयी.नगर निगम की डेडिकेटेड टीम ने जायजा लिया है.पता चला है कि जब ननि नालियों की सफाई करती है,तो कुछ दिन बाद फिर नालियों में कचड़ा जमा हो जाता है.इसलिये लोगो से अपील है कि मॉनसून को देखते हुए नालियों में कचड़ा ना फेंके.जहा तक नालियों में अतिक्रमण कर पक्का किया गया है.वैसे लोगों को हिदायत है कि जल्द नालियों से अतिक्रमण हटा लें. वरना ननि की टीम कार्रवाई करेगी.नगर निगम में बन रहे नालियों की गुणवत्ता पर कहा कि शिकायत मिली है.इसकी बीआइटी सिंदरी के लैब में जांच कराकर का



## मां भद्रकाली मंदिर के लिए नई न्यास समिति का पुनर्गठन, झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास परिषद ने जारी की अधिसूचना, जय शंकर पाठक के हस्ताक्षर से आदेश जारी

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड इटखोरी (चतरा)।** झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास परिषद (विधि विभाग), झारखंड सरकार ने इटखोरी स्थित ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर के सुचारु प्रबंधन एवं संचालन के लिए नई न्यास समिति के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी कर दी है।



यह अधिसूचना परिषद के अध्यक्ष जय शंकर पाठक के हस्ताक्षर से 23 जुलाई 2026 को जारी की गई। अधिसूचना के अनुसार, पूर्व में मां भद्रकाली मंदिर, इटखोरी के प्रबंधन के लिए गठित न्यास समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया है। यह कार्रवाई झारखंड उच्च न्यायालय, रांची द्वारा पारित आदेश तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चतरा को प्रबंध न्यासी के रूप में दायित्व सौंपे जाने के आलोक में की गई है। नई न्यास समिति का कार्यकाल आगामी पांच वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है।

समिति मंदिर के कुशल प्रबंधन, संचालन, आय-व्यय के पारदर्शी संचालन, संपत्ति की सुरक्षा एवं धार्मिक गतिविधियों के संचालन का दायित्व निभाएगी। साथ ही मंदिर के समग्र विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना (स्कीम) तैयार कर तीन माह के भीतर झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास परिषद को उपलब्ध करानी होगी। अधिसूचना के अनुसार मां भद्रकाली मंदिर इटखोरी की नई न्यास समिति के अध्यक्ष यतेंन्द्र कुमार चौहान (भा.प्र से./सेवानिवृत), कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव, सचिव योगेन्द्र सिंह, कोषध्यक्ष प्रकाश राम, जबकी सदस्य की जिम्मेवारी अनिल कुमार सिंह, जुगेश्वर दांगी, रत्नेश्वर प्रसाद शर्मा उर्फ़ रतन शर्मा श्याम प्रसाद सिंह, विजय कुमार चौरसिया, बालगोविंद राम को दी गई है। नई न्यास समिति मंदिर की संपत्ति एवं आय का संरक्षण, बैंक खातों का नियमित संचालन, आय-व्यय का लेखा-जोखा, दान-पत्रों का संधारण, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था, मंदिर के समग्र विकास, धार्मिक आयोजनों का सुचारु संचालन तथा वार्षिक बजट एवं विवरण परिषद को उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी होगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नई समिति से मंदिर के पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपेक्षा जताई गई है।

## विष्णुगढ़ बीडीओ से मिले सांसद प्रतिनिधि दीपू भाई, जनसमस्याओं और विकास कार्यों पर हुई चर्चा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की शिष्टाचार मुलाकात का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल उर्फ दीपू भाई ने बीडीओ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विष्णुगढ़ प्रखंड की विभिन्न जनसमस्याओं और उनके त्वरित निदान को लेकर दोनों के बीच चर्चा हुई।



मुलाकात के दौरान सांसद प्रतिनिधि ने प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। दीपू भाई ने कहा कि विष्णुगढ़ की जनता को नवागत बीडीओ से काफी उम्मीदें हैं। उनके कुशल नेतृत्व में क्षेत्र की विकास योजनाओं को एक नई रफ्तार मिलेगी। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि प्रखंड के समग्र विकास के लिए स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि पारदर्शी एवं जनहितैषी कार्यशैली के माध्यम से प्रखंड विकास के नए आयाम तय करेगा।

वहीं बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। जनसमस्याओं के समयबद्ध समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता देना ही प्रशासन की पहली पसंद होगी।

## जयराम मांझी हत्याकांड के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर ईस्ट बसुरिया ओपी का किया घेराव

लोकतंत्र की आवाज़

धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** झारखंड कोलियरी मज़दूर यूनियन के जोनल उपाध्यक्ष रतिलाल टुडू के नेतृत्व में आज जयराम मांझी हत्याकांड के आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं मामले के शीघ्र उद्भेदन की मांग को लेकर ईस्ट बसुरिया ओपी का घेराव किया गया।



श्री टुडू ने बताया कि बीसीसीएल एरिया-5 अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी में कार्यरत जयराम मांझी अपनी सामान्य पाली की ड्यूटी समाप्त करने के बाद अपनी टाटा नेक्सॉन कार (JH10CX 1864) से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सोरीटांड़ क्षेत्र में उनकी हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया। बाद में स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव बरामद किया।

घेराव के दौरान रतिलाल टुडू ने ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी सुधांशु श्रीवास्तव को प्राथमिकी दर्ज कराते हुए मांग की कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा पूरे मामले का निष्पक्ष, गहन एवं त्वरित अनुसंधान कर सच्चाई जनता के सामने लाई जाए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई ही पीड़ित परिवार को न्याय दिला सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड कोलियरी मज़दूर यूनियन पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

इस दौरान आदिवासी समाज के अनेक प्रतिनिधि एवं महिलाएं, यूनियन के बड़ी संख्या में साथी कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिकों संग अनिल टुडू टुंडी विधायक प्रतिनिधि बिरजू सोरेन, मोहिराम मांझी, सुरेन्द्र हेम्ब्रम निर्मल हेम्ब्रम, राम कुमार राम, नितिन कुमार क्रिश रवानी राजू कुमार मनोज कुमार प्रजापति साहिल कुमार संजीत पासवान आशीष कुमार मनीष कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## शीतल दत्ता ने विनोद सिंह और पूरी टीम की पहल की सराहना की, टॉपर छोटी कुमारी को मिला मेस खर्च

लोकतंत्र की आवाज

**बोकारो, झारखंड।** झारखंड इंटरमीडिएट कला संकाय की राज्य टॉपर छोटी कुमारी की आईएएस बनने की राह अब और आसान हो गई है। एक साधारण मजदूर की होनहार बेटी की आर्थिक मदद के लिए हरिओम सेवा संस्था आगे आई है। संस्था ने छोटी कुमारी को 5 महीने का मेस खर्च यानी 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। शुक्रवार को हरिओम सेवा संस्था, बलियापुर की टीम बोकारो पहुंची और छोटी कुमारी के घर जाकर यह राशि सौंपी। संस्था ने भरोसा दिलाया कि आगे भी पढ़ाई में जरूरत पड़ने पर पूरा सहयोग किया जाएगा।



इस पहल की सराहना करते हुए सिंदरी विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता ने कहा, "छात्र बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा!" उन्होंने कहा कि संस्था के संस्थापक सदस्य विनोद सिंह की यह संवेदनशील पहल देश और समाज के प्रति सच्चा कर्तव्य है। आर्थिक तंगी किसी भी मेधावी छात्र-छात्रा की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए। कार्यक्रम में हरिओम सेवा संस्था के अध्यक्ष डॉ. स्वरूप चौधरी, सदस्य रंजीत महतो, वरिष्ठ पत्रकार शीतल दत्ता, साजिद हुसैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सभी ने छोटी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संस्था के संस्थापक सदस्यों ने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण कोई प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा का भविष्य न रुके, इसके लिए संस्था हमेशा तत्पर रहेगी।

## सिद्धो -कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ की वार्षिक आम सभा संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.07.25)।** नगर भवन, गिरिडीह में आज सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, गिरिडीह की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में संघ के अंकेक्षण प्रतिवेदन, वार्षिक बजट, व्यय अनुमोदन, सेवा शर्तों, आय के नए स्त्रोतों के सृजन, सहकारी समितियों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण, बैंकिंग व्यवस्था, कृषि एवं वनोपज के मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण एवं विपणन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए।



बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि सहकारिता केवल एक संस्था नहीं, बल्कि किसानों, वनोपज संग्रहकर्ताओं एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य किसानों एवं अनुसूचित जनजाति तथा ग्रामीण परिवारों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराना तथा कृषि एवं वनोपज आधारित आजीविका को मजबूत करना होना चाहिए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में उत्पादित धान, गेहूं, मड़ुआ, कोदो, सरगुजा, महुआ, करंज, हर्रा, बहेड़ा, आंवला, चिरौंजी, लाख, रेशम सहित अन्य कृषि एवं वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण, भंडारण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि उत्पादों का मूल्य संवर्धन हो तथा किसानों एवं बलराम वनोपज संग्रहकर्ताओं की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि संघ को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए आय के नए स्त्रोत विकसित किए जाएं तथा सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अंकेक्षण संबंधी आपत्तियों का समयबद्ध निष्पादन करते हुए वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने अधिकारियों एवं संघ के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सहकारी समितियों को मजबूत करने के लिए सदस्य समितियों की क्षमता वृद्धि, प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन तथा आधुनिक विपणन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्पादों के लिए स्थानीय स्तर के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच विकसित करने तथा आवश्यकतानुसार ब्रांड निर्माण एवं विपणन तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस पहल की जाए। बैठक में संघ के वार्षिक बजट, व्यय अनुमोदन, कर्मचारियों की सेवा शर्तों, संघ का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित किए जाने, सहकारी समितियों के आर्थिक विकास हेतु लक्ष्य निर्धारण तथा कृषि एवं वनोपज के मूल्य संवर्धन से संबंधित प्रस्तावों पर विचार करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए।

सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सदस्यों को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने सम्मानित व्यक्तियों की सराहना करते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों एवं सदस्यों का सम्मान न केवल उनके कार्यों को मान्यता देता है, बल्कि अन्य लोगों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से सहकारिता की भावना के अनुरूप समर्पण, पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी सहित संघ के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### रामगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता: मोहनपुर मोड़ से 1260 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त, पिकअप वैन बरामद



**रामगढ़ ।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहनपुर मोड़ के पास से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी व देशी शराब से लदे एक पिकअप वाहन (रजिस्ट्रेशन नंबर: बीआर 44जी 3894) को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान वाहन से विभिन्न ब्रांडों की कुल 1262.285 लीटर शराब बरामद की गई है, जिसका विवरण इस प्रकार है। ब्ल्यू लाइम देशी मशाला शराब: 103 कार्टन (कुल 4,635 पीस, 200 एमएल प्रति पीस) झ 927 लीटर 8 पीएम स्पेशल अंग्रेजी शराब: 19 कार्टन (कुल 912 पीस, 180 एमएल प्रति पीस) झ 164.16 लीटर किंगफिशर बीयर: 12 कार्टन (कुल 286 पीस, 500`` प्रति पीस) झ 143 लीटर रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब: 3 कार्टन (कुल 75 पीस, 375 एमएल प्रति पीस) झ 28.125 लीटर थानाध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की आने की भनक लगते ही चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। फरार चालक और वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से घायल किसान की इलाज के दौरान हुई मौत, गांव में शोक की लहर



**दुर्गावती ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धनेछा डीह के समीप एनएच-19 की सर्विस रोड पर गुरुवार की रात तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल किसान को परिजन इलाज के लिए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार धनेछा डीह गांव निवासी करीब 65 वर्षीय किसान रामप्यारे कुशवाहा गुरुवार की रात गांव के पास एनएच-19 की सर्विस रोड पर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान महमुगंज बाजार की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार की अहले सुबह जैसे ही किसान की मौत की खबर गांव पहुंची, धनेछा डीह में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे गांव में मातम का माहौल है। मृतक अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# जिला स्तरीय नियोजन मेला: 25 कंपनियों में रोजगार के लिए उमड़ी युवाओं की भीड़

### मोहनिया के शारदा ब्रजराज प्लस-2 विद्यालय परिसर में लगा एक दिवसीय रोजगार मेला

लोकतंत्र की आवाज

**एडीएम सह पीजीआरओ ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन, दिए करियर टिप्स**



**मोहनिया (कैमूर)।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला नियोजनालय, कैमूर (भभुआ) द्वारा मोहनिया स्थित शारदा ब्रजराज प्लस-2 उच्च विद्यालय परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का विधिवत उद्घाटन कैमूर के एडीएम सह पीजीआरओ राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में मोहनिया एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी, डीसीएलआर कमलाकांत त्रिवेदी, विद्यालय के प्राचार्य अजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

**25 कंपनियों ने लिया हिस्सा, युवाओं ने दिए इंटरव्यू:** रोजगार मेले में देश-प्रदेश की 25 प्रमुख निजी कंपनियों एवं संस्थानों ने भाग लिया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने अपनी योग्यता के अनुसार विभिन्न पदों के लिए आवेदन जमा किए और साक्षात्कार (इंटीव्यू) प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को कौशल विकास, स्वरोजगार तथा करियर निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी दिए गए।

**पीड़ित परिवार को मिली ₹2 लाख की सहायता:** मेले के दौरान श्रम विभाग की ओर से एक संवेदनशील पहल देखने को मिली। मुख्यमंत्री श्रमिक कल्याण योजना के तहत मोहनिया प्रखंड के उसरी गांव निवासी दिवंगत राजमिस्त्री की पत्नी कुंती देवी को ₹2 लाख की अनुग्रह सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

**युवाओं को प्रेरित करने की पहल: एडीएम:** समारोह को संबोधित करते हुए एडीएम सह पीजीआरओ राजेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रतिभावान व शिक्षित युवाओं को एक ही छत के नीचे रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे ऐसे आयोजनों में बढ़कर हिस्सा लें और अपनी कार्यकुशलता के बल पर आत्मनिर्भर बनें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कंपनियों के प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तथा सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे।

# बेलौड़ी के अब्दुल कलाम ने नीट परीक्षा में पाई सफलता, गांव में हुआ भव्य स्वागत



लोकतंत्र की आवाज

**● कपड़ा सिलाई का काम करने वाले पिता के बेटे ने हासिल की सफलता, माता-पिता और शिक्षकों को दिया श्रेय**

**कैमूर** जिले के मोहनिया प्रखंड अंतर्गत बेलौड़ी गांव के महबूब अंसारी के बेटे अब्दुल कलाम ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में 603अंक लाकर सफलता हासिल कर अपने परिवार, गांव और पंचायत का नाम रोशन किया है।उनकी सफलता की खबर मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया तथा पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। अब्दुल कलाम एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता पेशे से कपड़ा सिलाई का काम करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अब्दुल कलाम ने कठिन मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से ही यह मुकाम हासिल हो सका। इस दौरान अब्दुल कलाम ने प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता पर भी जोर देते हुए कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से मेहनत करने वाले छात्रों का मनोबल टूट जाता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए ताकि मेहनती छात्रों को उनका उचित अधिकार मिल सके। बेलौड़ी पंचायत के मुखिया मीर इमरान ने अब्दुल कलाम को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे गांव और पंचायत के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि गांव का बेटा डॉक्टर बनने की दिशा में आगे बढ़ा है, जिससे अन्य युवाओं को भी शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिलेगी। ग्रामीणों ने अब्दुल कलाम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

# रामगढ़ अंचल और प्रखंड कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन: एक मामले का मौके पर ही हुआ निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़।** अंचल सह प्रखंड कार्यालय परिसर में आज जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी विकेश कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के संबंध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी विकेश कुमार ने बताया कि आज के आयोजन में कुल दो मामले दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इसी दिशा में कार्रवाई करते हुए प्राप्त दो मामलों में से एक का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जबकि दूसरे मामले पर आगे की नियमानुकूल प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आम जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए प्रखंड व अंचल प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस तरह के आयोजनों से स्थानीय लोगों को अपनी फरियाद सीधे अधिकारियों तक पहुँचाने और त्वरित न्याय पाने में काफी सहूलियत मिल रही है।

# नीट आंदोलन को लेकर भभुआ में छात्रों का सड़क मार्च, एकता चौक पर प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** नीट समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और लंबित भर्तियों को लेकर शुक्रवार को भभुआ में छात्रों ने सड़क मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने पटेल चौक से मार्च शुरू किया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एकता चौक पहुंचा। यहां हाथों में तख्तियां और तिरंगा लेकर छात्रों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया तथा अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि दिल्ली और पटना में चल रहे नीट पेपर लीक मामले ने प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने मांग की कि सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर आयोजित हों तथा परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न होने दी जाए। ज्ञापन में छात्रों ने बिहार एसएससी भर्ती परीक्षा की तिथि जल्द घोषित कर परीक्षा आयोजित कराने की मांग की। साथ ही बिहार सिविल कोर्ट भर्ती सहित अन्य लंबित भर्ती प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने की अपील की। छात्रों ने सभी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी करने की भी मांग रखी, ताकि अभ्यर्थी व्यवस्थित ढंग से अपनी तैयारी कर सकें। छात्रों ने कहा कि यदि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में पेपर लीक या अन्य अनियमितताएं साबित होती हैं तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने की भी मांग की। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भभुआ समाहरणालय गेट के पास पुलिस पदाधिकारी व भारी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। वही भभुआ एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि छात्रों को प्रदर्शन मार्च की पूर्व अनुमति दी गई थी। उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें रखीं और सौंपे गए ज्ञापन को सरकार के समक्ष भेजा जाएगा। वहीं पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि प्रदर्शन को देखते हुए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और अधिकारियों की तैनाती की गई थी। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर संतोष कुमार एएसआई पवन कुमार, विसंभर कुमार एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# भभुआ: एडीएसओ पर लगा अभद्रता व जातिसूचक शब्द कहने का आरोप, एससी/एसटी थाने में प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

**विनोद कुमार राम**



**भभुआ (कैमूर):** भभुआ प्रखंड की ग्राम पंचायत सींवों के पीडीएस डीलर राजवंश राम ने आपूर्ति कार्यालय के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डीलर का आरोप है कि पीओएस मशीन बदलवाने के सिलसिले में जब वे कार्यालय गए, तो अधिकारियों द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, धमकी दी गई और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। मामले में कैमूर के एससी/एसटी थाने में पूर्व एम.ओ. सह एडीएसओ अमित कुमार तथा वर्तमान एडीएसओ मो. एजाज अहमद के खिलाफ प्राथमिकी (केस नं. 40/26) दर्ज की गई है।

**क्या है पूरा मामला?** थाना अध्यक्ष को दिए गए आवेदन के अनुसार, ग्राम पंचायत सींवों (लाइसेंस संख्या 15/2016) में पीडीएस दुकान चलाने वाले राजवंश राम (पिता स्व. मोती राम, निवासी जदपुर, थाना सोनहन) 5 मई 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे एडीएसओ कार्यालय, भभुआ गए थे। राजवंश राम का कहना है कि उनकी दुकान की पुरानी पीओएस मशीन (नंबर-929) में 63.86 क्विंटल आवंटन दर्ज होने के बावजूद केवल 90 किग्रा (या सीमित आवंटन) ही दिख रहा था। जब उन्होंने मशीन बदलवाने का अनुरोध किया, तो आरोप है कि अधिकारी भड़क गए और कहा, ₹कुछ नहीं सुनूंगा, तुम गड़बड़ी कर रहे हो। तुम पर नीलम वाद चलाकर कुल राशि वसूल करूंगा। आरोप के मुताबिक, इसके बाद उनके साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया, लाइसेंस रद्द करने व केस में फंसाने की धमकी देकर दफ्तर से बाहर निकाल दिया गया।

**पुलिस कार्रवाई** पीड़ित डीलर के आवेदन के आधार पर रउ/रळ थाना कैमूर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 118(1), 352, 351 तथा रउ/रळ (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(१)(२) एवं 3(2)(५) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भभुआ : सड़क हादसे में घायल वरिष्ठ अधिवक्ता मुन्नन तिवारी वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर, पैर में फ्रैक्चर

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ/वाराणसी।** सिविल कोर्ट भभुआ के वरिष्ठ अधिवक्ता सह भारत सरकार के नोटरी मुन्नन तिवारी गुरुवार को सड़क हादसे में घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया है, जहां वे भर्ती हैं। पूर्व महासचिव मंटू पांडेय ने बताया कि आज 24 जुलाई 2026 को सुबह 9:30 बजे मुन्नन तिवारी अपने छोटे पुत्र विकास तिवारी के साथ मोटरसाइकिल से कुडडी गांव से न्यायालय भभुआ आ रहे थे। तभी चांद कुड़ी के पास सामने से फोर व्हीलर आने के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में मुन्नन तिवारी के दाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया। पहले उन्हें भभुआ ट्रामा सेंटर ले जाया गया, लेकिन गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। फोटो में वे स्ट्रेचर पर इलाज के दौरान दिखाई दे रहे हैं। उनके साथ उनके दोनों बेटे मौजूद हैं और इलाज करवा रहे हैं।

**पद और परिचय :** मुन्नन तिवारी सिविल कोर्ट भभुआ में नियमित वकालत करते हैं। वे भारत सरकार के नोटरी हैं और जिला अधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर की कार्यकारिणी के लगातार दो बार सदस्य रह चुके हैं। वर्तमान में उन्होंने कार्यकारिणी सदस्य पद से त्यागपत्र दे दिया है। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# रामगढ़ में जिस परिसर में फहराया जाता है तिरंगा, वहीं संविधान की प्रस्तावना और सेनानियों के शिलालेख के चारों ओर उगी घास

लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर ब्यूरो चीफ रामजी गुप्ता**

**रामगढ़।** स्वाधीनता संग्राम में अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले देश के अमर सेनानियों और हमारे लोकतंत्र की आत्मा–भारत के संविधान–की गरिमा पर प्रशासनिक उपेक्षा भारी पड़ती दिख रही है। मामला रामगढ़ के पुराने ब्लॉक परिसर (मुख्य गेट के सामने) का है, जहाँ स्थापित एक ऐतिहासिक शिलालेख वर्तमान में बदहाली और देख-रेख के अभाव से जूझ रहा है। यह एक ही शिलालेख बेहद विशेष और ऐतिहासिक महत्व का है। इसके एक तरफ भारत के संविधान की पवित्र प्रस्तावना ('हम भारत के लोग...') उत्कीर्ण है, तो वहीं दूसरी तरफ प्रखंड के उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के नाम दर्ज हैं जिन्होंने देश की आज़ादी में अपना अतुल्य योगदान दिया था। विडंबना यह है कि जिस पवित्र स्थान पर हर साल 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) और 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है, वही पूरा परिसर आज ज़मीन पर उगी जंगली घास-फूस और गंदगी से घिरा हुआ है।

**सुरक्षा के लिए लगी थी स्टील ग्रिल, फिर भी फैली बदहाली:** स्थल की सुरक्षा और सुंदरता के लिए इस ऐतिहासिक शिलालेख के चारों तरफ स्टील ग्रिल का घेरा भी लगाया गया है। इसके बावजूद नियमित देख-रेख न होने के कारण शिलालेख के चारों तरफ ज़मीन पर और ग्रिल के अंदर बड़ी-बड़ी झाड़ियाँ व गाजरघास उग आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि केवल राष्ट्रीय पर्वों के अवसर पर यहाँ औपचारिकता निभाने के





लिए थोड़ी सफाई कर दी जाती है, लेकिन पर्व बीतते ही इस प्रेरणास्थल को अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है। ₹जिस एक शिलालेख से हमें संविधान के मूल्यों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग की प्रेरणा मिलती है, उसके चारों ओर ज़मीन पर फैली यह गंदगी और झाड़ियाँ बेहद दुखद और चिंताजनक हैं

**ग्रामीणों और प्रबुद्ध जनों की मुख्य मांगें:** तत्काल सफाई: शिलालेख के चारों तरफ ज़मीन पर उगी जंगली घास और झाड़ियों को तुरंत साफ कराया जाए। घेरे का रखरखाव: स्टील ग्रिल के घेरे को व्यवस्थित कर पूरे परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। नियमित रखरखाव: केवल 15 अगस्त या 26 जनवरी को ही नहीं, बल्कि साल भर इस स्थल के रखरखाव की स्थाई व्यवस्था की जाए।

**मामले पर नवागत बीडीओ का सकारात्मक रुख:** संविधान की प्रस्तावना और स्वतंत्रता सेनानियों के स्मरण से जुड़े इस स्थल की उपेक्षा का मामला सामने आने के बाद नए प्रशासनिक अधिकारी ने इसे गंभीरता से लिया है। हाल ही में रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदभार ग्रहण करने वाले विकास कुमार ने मामले का तुरंत संज्ञान लिया। ₹यह मामला हमारे संज्ञान में आया है। चूंकि मैंने हाल ही में प्रभार लिया है, इस स्थिति को देखते हुए शिलालेख परिसर की अविलंब सफाई कराई जाएगी और स्थल की गरिमा बहाल की जाएगी।अब देखना यह होगा कि नवागत बीडीओ के इस आश्वासन के बाद कितनी जल्दी इस ऐतिहासिक शिलालेख परिसर की सफाई होती है और इसे इसका खोया हुआ सम्मान वापस मिलता है।

# मुख्यमंत्री के हाथों कैमूर के 9 खिलाड़ियों को मिली प्रेरणा स्कॉलरशिप, 3 लाख की प्रोत्साहन राशि

लोकतंत्र की आवाज

**विनोद कुमार राम**

**भभुआ।** कैमूर जिले के खिलाड़ियों के लिए शुक्रवार को बड़ी खुशखबरी आई। मुख्यमंत्री बिहार सरकार श्री सम्राट चौधरी के कर-कमलों द्वारा ऊर्जा ऑडिटोरियम हॉल पटना में ₹मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना₹ के तहत नियुक्ति पत्र एवं राज्य खेल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत चयन पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान कैमूर के 9 स्टार खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा स्कॉलरशिप 2026 के तहत चयन पत्र प्रदान किए गए। जिला खेल मीडिया प्रभारी डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रेरणा स्कॉलरशिप योजना का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग देकर



बेहतर प्रशिक्षण, उपकरण और प्रतियोगिताओं में भागीदारी के अवसर उपलब्ध कराना है। चयनित खिलाड़ियों को 3 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**किन खिलाड़ियों का चयन हुआ**

- साइक्लिंग: गणेश कुमार
- एथलेटिक्स: सिद्धार्थ राज, काजल कुमारी, ओमजी कश्यप, साहिल कुमार
- फुटबॉल: गोलू कुमार, नीरज कुमार, मुन्ना कुमार, प्रदीप कुमार

**खेल जगत में खुशी की लहर**

चयन पत्र मिलने पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर ओम प्रकाश, जिला एथलेटिक्स कोच दिलीप कुमार पटेल, फुटबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ी सह जिला संयोजक शौकत अली गद्दी, कोच असरफ अली, इम्तियाज अली, पप्पू कुमार, उदय शंकर राय सहित सैकड़ों खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना कैमूर के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी और जिले का नाम राज्य-राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### यूपी पश्चिम और उत्तराखंड में आयकर संग्रह का रिकॉर्ड प्रदर्शन, 30.26 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी




लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एवं उत्तराखंड क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। शुक्रवार को मनाए जाने वाले 167वें आयकर दिवस को लेकर जारी आयकर विभाग के आंकड़ों के अनुसार कुल आयकर दाताओं के साथ ही आयकर संग्रह भी पिछले साल के मुकाबले बढ़ा है। इसकी वजह नियमों के अनुपालन में की जा रही सख्ती और प्रक्रिया का सरलीकरण है। विभाग के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 20 जुलाई तक क्षेत्र का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 14,902.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 30.26 प्रतिशत अधिक है। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एवं उत्तराखंड क्षेत्र (कानपुर) का इस साल शुद्ध कर संग्रह 13,181.85 करोड़ रहा, जिसमें 45.66 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, उद्योग-कारोबार की सुधरती सेहत का प्रतीक माना जाने वाला अग्रिम कर संग्रह 4,237.10 करोड़ रहा, जो गत वर्ष की समान अवधि से 52.71 प्रतिशत अधिक है। बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल कर संग्रह 46,544.15 करोड़ दर्ज किया गया था, जो उससे पूर्व के वर्ष (2024-25) से 13 प्रतिशत अधिक था।

### उत्तर प्रदेश विधान मंडल का मानसून सत्र तीन अगस्त से



लोक तंत्र की अवाज़,

रत्ना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान मंडल का मानसून सत्र तीन अगस्त से शुरू होगा। प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी की। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र चार दिवसीय होगा। तीन अगस्त से शुरू होने वाला सत्र इस वर्ष का तीसरा सत्र होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सत्र बुलाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली थी।इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुपूरक बजट, अध्यादेशों के प्रतिस्थानी विधेयक तथा अन्य महत्वपूर्ण विधायी कार्य होंगे। वर्ष 2027 के विधान सभा चुनाव को देखते हुए यह अनुपूरक बजट अहम माना जा हा है। राज्य विधानमंडल का द्वितीय सत्र 30 अप्रैल को हुआ था। उसी दिन विधान सभा एवं विधान परिषद की बैठक समाप्त होने के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

### सेवा एनजीओ द्वारा बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण



लोकतंत्र की आवाज,
साजिद सलमानी जिला ब्यूरो चीफ

सहारनपुर। new seva( Socially Energatic Volunteeres Assocation) सेवा एनजीओ द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय परिसर में बच्चों को कॉपी, पेंसिल एवं स्कूल किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रोहित भटनागर ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित करते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा को सबसे प्रभावी साधन बताया। कार्यक्रम में संस्था के मुकुल गुप्ता, संदीप शर्मा, निरंजन मिश्रा एवं संदीप पुंडीर सहित अन्य सदस्यों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा शैक्षणिक सामग्री वितरित की। सेवा एनजीओ ने भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### नीट मे शानदार प्रदर्शन करते हुए खुशी कुमारी सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज,
गया जी। श्री महावीर सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से खुशी कुमारी पिता राजीव कुमार माता रिमझिम कुमारी अस्थाई पता तुतवाडी गंगा महल गया जी को रैंक 19384/ 577 नंबर नीट में शानदार प्रदर्शन पर उनके घर पर जाकर पूरे परिवार एवं बेटी खुशी कुमारी को सम्मानित किया गया है।

# कॉकरोच पार्टी और सरकार के बीच मीटिंग खत्म 3 मांगों में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर मामला फंसा

**लोक तंत्र की आवाज़,**





**नईदल्लिी।** कॉकरोच जनता पार्टी और केंद्र सरकार के बीच शुक्रवार को दूसरी बार मीटिंग हुई. दल्लिी के कॉन्स्टट्यिूशन क्लब में रखी गई इस मीटिंग में करीब 2 घंटे तक बातचीत का सिलसिला चला. जिसमें सरकार की तरफ से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा व जितेंद्र सिंह और उखढ की तरफ से राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका, मुख्य प्रवक्ता सौरव दास शामिल रहे।

वहीं कॉकरोच जनता पार्टी (उखढ) के साथ मीटिंग समाप्त होने के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, "लगभग 2 घंटे चली मीटिंग में उखढ की ओर से सरकार के सामने 3 मुख्य मांगें रखी गईं और परीक्षा प्रणाली में सुधार के 5 सुझाव भी रखे गए. हमने उनसे कहा है कि हम इस पर विचार के बाद कल (शनिवार) दोपहर फिर से मिलेंगे और आगे की बातचीत करेंगे." ज्ञात रहे कि इससे पहले 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान भी उखढ और सरकार के बीच केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के घर 10 मिनट की बैठक हुई थी।

**धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर मामला फंसा:** उखढ की 3 मांगों में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर मामला फंसा हुआ है. सरकार के साथ बैठक के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा, "सरकार ने हमारी तीन मुख्य मांगों में से दो पर बहुत सकारात्मक प्रतक्रियिा दी है. सरकार की तरफ से सुसाइड से मरने वाले ठएएळ कैंडिडेट्स के परिवारों के लिए 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिए जाने और इसके अलावा प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज कानूनी केस वापस लिए जाने की मांग पर सहमति जताई गई है। उखढ प्रवक्ता ने कहा कि, "प्रदर्शनकारी छात्रों पर केस के सम्बन्ध में हमारी में मांग यह बात भी शामिल है कि प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ भवष्यि में भी कोई ◌ाकफ या लीगल केस फाइल न किया जाए, इसकी गारंटी दी जाए. वहीं सरकार के साथ धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर वस्तृित बातचीत हुई. सरकार ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की हमारी मांग पर विचार करने के लिए कल दोपहर तक का समय मांगा है. हमें उम्मीद है कि सरकार उन्हें जल्द ही बर्खास्त कर देगी. हमने उनसे कहा कि हमें जल्द ही इस विषय पर एक ठोस नर्णिय चाहिए. कल दोपहर में फिर से सरकार की ओर से एक और मुलाकात की बात कही गई है।

**सी जे पी ने कहा- धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कोई समझौता नहीं:** सी जे पी ने यह साफ़ कर दिया है कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा. कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडिंग प्रेसिडेंट अभिजीत दीपके ने कहा, "जंतर-मंतर पर हमारा धरना तब तक जारी रहेगा जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते. धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं है. वहीं सोनम वांगचुक ने अनशन तोड़ने पर दीपके ने कहा कि हमें बहुत राहत है कि सोनम वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल तोड़ दी है, क्योंकि 26 दिन से ज़्यादा हो गए थे. उनकी ज़िंदगी इस देश के लिए बहुत कीमती है।

**पिछले 35 दिन से सी जे पी का प्रदर्शन जारी:** दल्लिी के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में युवा-छात्रों का प्रदर्शन पिछले 20 जून को शुरू हुआ था. पेपर लीक से परेशान होकर देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार, जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग करते हुए पिछले 35 दिन से युवा-छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी है. युवा-छात्रों के दल्लिी प्रदर्शन का असर राजधानी से बाहर पूरे देश के अलग-अलग हस्सिों में भी देखा जा रहा है।

**चलो संसद' मार्च के दौरान पुलिस ने लाठियां भांजी:** 20 जुलाई को 'चलो संसद' मार्च के दौरान दल्लिी पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (उखढ) के युवा-छात्र प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठियां भांजी. आंसू गैस के गोले छोड़े गए. ताकि प्रदर्शनकारियों के भारी हुजूम को संसद की ओर बढ़ने से रोका जा सके. हालांकि पुलिस की इतनी जद्दोजहद और ताकत झोंके जाने के बावजूद भी प्रदर्शनकारी संसद के नजदीक पहुंच चुके थे. पुलिस के लाठीचार्ज में कई प्रदर्शनकारी घायल हुए, कईयों के सिर भी फूटे. जिसके कई अलग-अलग वीडियो सामने आए. वहीं प्रदर्शन में शामिल कई लड़कियां भी लाठीचार्ज में घायल हुईं. आरोप है कि उनके साथ आपत्तिजनक बर्ताव भी किया गया. इसके अलावा प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसवाले भी घायल हो गए।युवा-छात्रों पर लाठीचार्ज करने को लेकर सियासी विरोध तेज हो गया है. सड़क से लेकर संसद तक मोदी सरकार के खिलाफ गहमागहमी देखने को मिल रही है. विपक्ष युवा-छात्रों की मांगों को लेकर अपने पूरे तेवर में आ चुका है. वहीं दूसरी ओर पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ दल्लिी हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है. पुलिस ने बल प्रयोग करने के खिलाफ दाखिल की गई याचिका पर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और दल्लिी पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



## करंट से एक युवक की हुई मौत मामले में यूडी कांड दर्ज

**लोकतंत्र की आवाज,**

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** झंडापुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मिनियां बहियार में करंट लगने से युवक की हुई मौत के मामले में पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु (यूडी) कांड दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान झंडापुर निवासी मोहम्मद साबिर के रूप में हुई है।घटना को लेकर मृतक के भाई मोहम्मद तबरेज ने झंडापुर थाना में लिखित आवेदन देकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की। झंडापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में अप्राकृतिक मृत्यु कांड दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि लक्ष्मिनियां बहियार में खेत की ओर जाने के दौरान करंट की चपेट में आने से मोहम्मद साबिर की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्य तथा अन्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामले की वस्तृित जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है।

# हिमाचल में बेहद दर्दनाक हादसा 13 लोगों की मौत, हादसे के बाद लगी आग

**लोक तंत्र की आवाज़,**



**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में शुक्रवार को एक बेहद दर्दनाक हादसा हो गया. यहां अचानक लैंडस्लाइड हुआ और एक टाटा सूमो टैक्सी पर पहाड़ी चट्टान गिर गई. हादसा इतना भयानक था कि भारी-भरकम चट्टान के टुकड़ों तले दबकर गाड़ी के चीथड़े उड़ गए और उसमें आग लग गई. इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है. जिनके क्षत-वक्षित शव निकाले गए हैं। वहीं 2 लोग सुरक्षित बचे बताये जा रहे हैं. जो कि घायल हैं और खतरे से बाहर हैं. मिली जानकारी के अनुसार, टाटा सूमो टैक्सी में कुल 15 लोग सवार थे. हादसे से मौके पर हाहाकार मच गया है. हादसे की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंच कर राहत-बचाव कार्य किया. पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है और उनकी शिनाख्त करते हुए आगे की बनती कार्रवाई की जा रही है। जेसीबी की मदद से हटाया गया पहाड़ी

**मलबा,हादसे का दिल दहलाने वाला मंजर:** मौके पर हादसे का दिल दहलाने वाला मंजर दिखा है. हादसे के अलग-अलग वीडियो सामने आ रहे हैं. बताया जाता है कि 15 लोगों से भरी यह टैक्सी कुल्लू से पांगी की ओर जा रही थी. इसी दौरान लाहौल-स्पीति में कहुडू नाला के पास पहाड़ी चट्टान गिरने की चपेट में आ गई. गाड़ी का पूरा हस्सिा पहाड़ी मलबे में दबकर पच्चिी हो गया. और दुखद बात ये है कि बताया जा रहा है कि मृतकों एक 6 महीने का बच्चा भी है. जो कि दुनिया देखने से पहले ही अलविदा कह गया।

# 81 बसों कटा चालान, 59 जब्त, बिना परमिट और नियम तोड़ने पर होगा एक्शन

**लोक तंत्र की अवाज़,**

**रत्ना**
**लखनऊ।** बरेली मंडल में बिना परमिट और नियमों का उल्लंघन कर चल रही यात्री बसों के खिलाफ परिवहन विभाग ने तीन दिन तक विशेष अभियान चलाया। आपरेशन प्रहार नाम से 22 जुलाई की मध्यरात्रि से 24 जुलाई तक चले इस अभियान में 81 बसों का चालान किया गया, जबकि 59 बसों को सीज कर विभन्नि थानों में खड़ा कराया गया। यह अभियान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के नर्दिेश पर बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर जिलों में चलाया गया। अभियान के दौरान बसों के परमिट, पंजीकरण,



फिटनेस, टैक्स, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र (पीयूसी) समेत सभी जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) केडी सिंह गौर ने बताया कि जिन बसों में बिना परमिट संचालन, परमिट की शर्तों के उल्लंघन या मोटरयान अधिनियम और नियमों के विपरीत संचालन मिला, उनके खिलाफ चालान और सीज की कार्रवाई की गई। जिन वाहनों में अवैध रूप से संरचना बदलने की आशंका है, उनका कार्यपालक मज्ट्रिरेट की मौजूदगी में तकनीकी परीक्षण कराया जाएगा। जांच में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में लोक शिकायत निवारण द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज,**



**केदार नाथ पाण्डेय।**
**भागलपुर।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दायर द्वितीय अपील वादों की सुनवाई समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। सुनवाई के दौरान विभन्नि विभागों से संबंधित मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने अपीलकर्ताओं एवं संबंधित लोक प्राधिकारों का पक्ष सुना तथा मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण नष्पिादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, अतक्रिमण हटाने, सड़क एवं नाला नर्मिाण, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र नर्गित करने, राशन कार्ड, भू-लगान रसीद, आंगनबाड़ी लाभ, प्राथमिकी दर्ज कराने सहित विभन्नि जनहित से जुड़े मामलों पर विचार किया गया। संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को लंबित मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनश्चिति करने, आवश्यक प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने तथा अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप शिकायतों का नष्पिादन करने का नर्दिेश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोक शिकायत निवारण व्यवस्था का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान सुनश्चिति करना है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को नर्दिेशित किया कि शिकायतों के नष्पिादन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा प्रत्येक मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर नर्धिारित समय-सीमा के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए।

# भ्रष्टाचार:बिना मानचत्रि स्वीकृति के ही आशियाना गार्डन कॉलोनी के बेच डाले प्लॉट

**लोकतंत्र की आवाज,**

**रिपोर्ट साजिद सलमानी जिला ब्यूरो चीफ**
**सहारनपु।** अब तो भ्रष्टाचार की हद ही हो गई एंटी करप्शन टीम ने जेल भेज दिया लोकायुक्त में शिकायत चल रही उसके बावजूद भी सहारनपुर विकास प्राधिकरण के भ्रष्ट अधिकारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है। ताजा प्रकरण में जोन 3 मे देहरादून रोड स्थित ग्राम उग्राहु में अवैध कालोनाइजर फर्म श्री राघव कांट्रेक्टर प्रा0लि0 (अतुल अग्रवाल और योगेश कुमार) द्वारा सहारनपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और इंजीनियरों से मिलीभगत करके अपनी अवैध कॉलोनी की वाद फाइल में तलपट मानचत्रि तो जमा कर दिया लेकिन आजतक कॉलोनी तकनीकी कारणों से स्वीकृत नहीं हुई और पत्रावली पर जमा मानचत्रि निरस्त हो गया लेकिन फर्म ने अधिकारियों से सेटिंग करके अवैध कालोनी की फाइल दबवा दी गई और ग्राहको/इन्वेस्टरों को लुभाने के लिए आशियाना गार्डन आवासीय कॉलोनी के नाम से बोर्ड भी लगाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और इसके साथ-साथ कानून से बेखौफ होकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं और बैयनामों/लेखपत्रों में भी आशियाना गार्डन कॉलोनी दर्ज की जा रही है जबकि कोई कॉलोनी आशियाना गार्डन कालोनी के नाम से प्राधिकरण से स्वीकृत ही नहीं है। यही नही पूरी अवैध कॉलोनी में अवैध रूप से प्लाटिंग करके पक्की आरसीसी की सड़के भी बना दी गई है। वैसे ग्राहकों/इन्वेस्ट एवं जनता को जानकारी के लिए बता दें कि एक बार इस अवैध कॉलोनी का पूर्व मे ध्वस्तीकरण हो चुका है लेकिन फिर दोबारा ध्वस्तीकरण नहीं हुआ मौजूद अवर अभियंता और अधिकारियों ने इस अवैध कालोनी का वर्तमान में ध्वस्थिकरण मिलीभगत के चलते जानबूझकर टाल रखा है लेकिन जो भी हो यह एक बहुत वृहद भ्रष्टाचार है जो बल्कुिल भी क्षमा के लायक नहीं है इसमें प्राधिकरण अधिकारियों और इंजीनियरों के खिलाफ सौ प्रतिशत कार्रवाई तो बनती है।



# हाथोचक में 10 लीटर महुआ शराब के साथ चोरी की 2 बाइक जब्त, नाबालिग गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज,**



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।**
मद्यनिषेध और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने बुधवार रात बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना पर हाथोचक गांव के चंपाकली टोला में छापेमारी कर पुलिस ने 10 लीटर महुआ शराब के साथ चोरी की 2 बाइक बरामद की।इस मामले में एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य फरार हैं। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि शराब की खेप को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में एएसआई वीरेंद्र ओझा को सशस्त्र पुलिस बलों के सहयोग से कानूनी कार्रवाई के लिए भेजा गया। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि हाथोचक टोला निवासी एक नाबालिग और छोटू सिंह पिता माघे सिंह अपने घर के पास देशी महुआ शराब रखकर दो बाइक से उसे बेचने ले जाने वाले हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे। घेराबंदी कर एक नाबालिग को पकड़ लिया गया, जबकि छोटू सिंह अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए नाबालिग की निशानदेही पर उसके घर की तलाशी ली गई। तलाशी में घर के दरवाजे पर होंडा सीबी शाइन बाइक संख्या बीआर27एम8262 और घर के अंदर 1-1 लीटर के 10 पाउच में कुल 10 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई।पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि यह बाइक और शराब बेचने में इस्तेमाल होने वाली दूसरी ग्लैमर बाइक दोनों चोरी की हैं।उसने बताया कि दोनों बाइक नगरवा गांव निवासी अजय यादव के पुत्र नवलेश कुमार से खरीदी गई हैं और उसी बाइक से वह शराब बेचने जाता है। पुलिस बलों द्वारा एचएचडी मशीन से जांच किए जाने पर बाइक के चोरी का होना पाया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार नाबालिग को शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। वहीं पुलिस फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# जीवित बुजुर्ग को अभिलेखों में मृत दर्शाने का आरोप, वृद्धावस्था पेंशन निरस्त; एस डीएम से जांच की मांग :असद सिद्धकी

**लोक तंत्र की आवाज,**

**देवबंद।** विकासखंड देवबंद के अंतर्गत ग्राम बाबूपुर नगली के एक 77 वर्षीय बुजुर्ग ने ग्राम विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़ित का आरोप है कि उन्हें सरकारी अभिलेखों में गलत तरीके से मृत दर्शा दिया गया, जिसके कारण उनकी वृद्धावस्था पेंशन का आवेदन निरस्त हो गया। बुजुर्ग ने मामले की नष्पिक्ष जांच कराकर पेंशन दोबारा शुरू कराने तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बाबूपुर नगली निवासी 77 वर्षीय हुक्मा ने गुरुवार कोउप जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत आवेदन किया था। आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवश्यक दस्तावेज जमा किए गए तथा ग्राम प्रधान स्तर से भी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर दी गई थीं। पीड़ित का आरोप है कि सत्यापन के दौरान ग्राम विकास अधिकारी ने बिना समुचित जांच-पड़ताल किए उन्हें अभिलेखों में मृत दर्शा दिया, जिसके चलते उनका वृद्धावस्था पेंशन आवेदन निरस्त कर दिया गया। उनका कहना है कि वह पूरी तरह जीवित हैं और इसके बावजूद सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें मृत दर्शाना प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला है। हुक्मा ने शिकायत में यह भी कहा कि उन्होंने कई बार



संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर अपनी समस्या बताने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार रजस्टिर में भी उन्हें मृत अंकित कर दिया गया है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में कठिनाई हो रही है। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की नष्पिक्ष जांच कराई जाए परिवार रजस्टिर एवं अन्य सरकारी अभिलेखों में दर्ज गलत प्रवष्टियां को तत्काल ठीक कराया जाए उनकी वृद्धावस्था पेंशन फिर से प्रारंभ की जाए तथा लापरवाही बरत ने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए उक्त संबंध में जब खंड विकास अधिकारी ( बी डी ओ) वक्रिम सिंह से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि इस विषय में मैं पहले ही कई लोगों को जानकारी दे चुका हूं उन्होंने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया और कहा कि अभी मैं कार्यालय पर मौजूद नहीं हूं कार्यालय पहुंचने के बाद मामले कीजानकारी दे पाऊंगा मामले की वस्तृित जानकारी उप जिला अधिकारी तक पहुंच चुकी है अब देखना महत्वपूर्ण होगा की जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं पीड़ित बुजुर्ग को कब तक न्याय एवं व्यवस्था पेंशन का लाभ मिल पाता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### इटियाथोक सड़क हादसा: विशाल के बाद दूसरे छात्र ने भी तोड़ा दम, तीसरे की हालत नाज़ुक-सदमें में परिजन



लोकतंत्र की आवाज
करीम खान
गोण्डा। इटियाथोक थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए सड़क हादसे ने दो घरों का चिराग बुझा दिया। अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर में एक छात्र विशाल की मौत होने के बाद घायल दूसरे छात्र ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की संख्या दो हो गई है। वहीं तीसरे की हालत नाज़ुक बनी हुई है। इस दुखद हादसे में दो छात्रों की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा है और गांव में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को तारी परसोहिया गांव के मजरा टंडैल पुरवा निवासी विशाल व उसका छोटा भाई विवेक और वीर भारी निवासी अंकित एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी नवागांव आर्यनगर मार्ग पर वीरपुर सूबेदार चौराहे के पास तिर्मेनोरमा गांव के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल अंकित को उपचार के लिए लखनऊ ले जाया जा रहा था, लेकिन शुक्रवार सुबह उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में घायल विशाल के सगे भाई विवेक का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।
परिवार में कोहराम, गांव में पसरा मातम: दो छात्रों की मौत से गांव में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दो-दो अर्थियां एक साथ उठने से ग्रामीणों में शोक की लहर है। बताया जाता है कि विशाल और विवेक इटियाथोक जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 12 में दाखिला कराने गए थे। वापसी में वे पांडेय पुरवा स्थित एक निजी विद्यालय में अपने पुराने शिक्षकों से मिलने भी गए थे। वहां से लौटते समय अंकित भी उनके साथ था। विशाल के पिता राजेश कोलकाता में नेवी शिप पर निजी नौकरी करते हैं। बेटे की मौत की सूचना मिलते ही वे मुंबई से घर के लिए रवाना हो गए हैं। विशाल दो भाइयों में बड़ा था, और उसका छोटा भाई विवेक अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की उनियारा शाखा की बैठक 27 जुलाई को-सेवानिवृत्त जिलाध्यक्ष का होगा सम्मान

शिवराज बारवाल मीना
टोंक/उनियारा। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ, शाखा उनियारा की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार 27 जुलाई 2026 को चामुंडा माता मंदिर, खातोली दरवाजा, उनियारा में दोपहर 1:30 बजे आयोजित की जाएगी। शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम सिंह मीणा की जानकारी अनुसार बैठक में संघ के समस्त सदस्यों का स्नेह मिलन समारोह आयोजित होगा। साथ ही शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनके समाधान की रणनीति तैयार की जाएगी बैठक के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष हंसराज मीणा के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर उन्हें संघ की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।संघ के तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह मीणा एवं तहसील मंत्री सांवलमल बैरवा ने सभी शिक्षक साथियों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है। वहीं कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### 9 साल पुराने मारपीट के मामले में फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा न्यायालय

लोक तंत्र की आवाज
जालौन। कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट के 9 साल पुराने मुकदमे में फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी विष्णु सिंह के खिलाफ वर्ष 2015 में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी लगातार न्यायालय में अनुपस्थित रहा। इस पर अदालत ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी किया था। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी आलोक पाल को शुक्रवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित वारंटी अपने गांव आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि फरार चल रहे अन्य वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार दबिश दी जा रही है।

### बनेठा के नवनियुक्त थानाधिकारी हीरालाल वर्मा का आजाद समाज पार्टी ने किया स्वागत

शिवराज बारवाल मीना
टोंक/उनियारा। उनियारा सर्किल अन्तर्गत बनेठा थाने के नवनियुक्त थानाधिकारी हीरालाल वर्मा (पुलिस निरीक्षक) से शुक्रवार, 24 जुलाई को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) राजस्थान के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। पार्टी के टोंक जिलाध्यक्ष नरेश कुमार बैरवा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने थानाधिकारी हीरालाल वर्मा का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला महासचिव कैलाश बैरवा, जिला उपाध्यक्ष कमलेश बैरवा सहित आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) राजस्थान की टोंक जिला कार्यकारिणी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे प्रतिनिधिमंडल ने थानाधिकारी से क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की अपेक्षा व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जालौन दौरे से पहले हाई अलर्ट, इंदिरा स्टेडियम में सुरक्षा व्यवस्था का आईजी रेंज झांसी ने किया गहन निरीक्षण





लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 25 जुलाई को प्रस्तावित जालौन दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री के आगमन से एक दिन पहले उरई स्थित इंदिरा स्टेडियम में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया। आईजी रेंज झांसी आकाश कुलहरि स्वयं कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और सुरक्षा के इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान आईजी रेंज झांसी आकाश कुलहरि ने कार्यक्रम स्थल के मुख्य मंच, वीआईपी क्षेत्र, आमजन के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था तथा सुरक्षा ड्यूटी से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का अवलोकन किया। इंदिरा स्टेडियम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए भव्य मंच तैयार किया गया है, जबकि मंच के सामने बड़ी संख्या में कुर्सियां लगाकर जनसभा की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए जनपद जालौन के अलावा आसपास के अन्य

### ■ 25 जुलाई को जालौन के उरई पहुंचेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कई जिलों की पुलिस फोर्स तैनात, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

जनपदों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा ईशान सोनी, एस डी एम सदर उरई, क्षेत्राधिकारी सदर राजीव शर्मा (सीओ), थाना प्रभारी, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, दीवान, आरक्षी तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आईजी रेंज झांसी ने सुरक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने पर जोर दिया।

सुरक्षा व्यवस्था के प्रत्येक पहलू की समीक्षा की गई ताकि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। कार्यक्रम स्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए व्यापक पुलिस बंदोबस्त किया गया है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है। कार्यक्रम स्थल पर अंतिम चरण की व्यवस्थाओं को पूरा किया जा रहा है और सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों का उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री का दौरा पूरी तरह सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

जालौन में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला सुबह से देर शाम तक तैयारियों में लगा रहा। इंदिरा स्टेडियम के आसपास साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरे जिले में मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उत्साह के साथ-साथ सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## गौशाला की बदहाल व्यबस्था पर ग्राम वासियों ने जताया आक्रोश



लोक तंत्र की आवाज
**कोंच (जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा में शुक्रवार को उस समय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया जब अधिकारी गौशाला को दूसरे ग्राम में शिफ्ट किए जाने के लिए गए थे तभी बड़ी संख्या में ग्रामीण गौशाला के बाहर एकत्र हो गए और अधिकारियों के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए गोवंशों की बधहाल स्थिति व अव्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर की ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला की हालात बद से बदतर है और जाली टूटी हुई है जिससे गोवंशों की सुरक्षा खतरे में है ग्रामीणों ने गौशाला को स्थानांतरण करने के बजाय यही की व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त किए जाने की मांग की जिसमें पर्याप्त चारा पानी व सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है ग्रामीणों का हंगामा करीब 1 घंटे तक चलता रहा जिस पर ए डी यो पंचायत देवी शरण और ग्राम सचिव पूनम को ग्रामीणों के भारी विरोध के चलते वापिस लौटना पड़ा वहीं ए डी ओ का कहना है कि ग्राम में प्रधान का पद खाली है जिसके कारण गौशाला की देखरेख नहीं हो पा रही है और गौशाला को स्थानांतरित किया जा रहा है इस दौरान ग्रामीण आदित्य निरंजन शिवम द्विवेदी गौशाला केयरटेकर योगेंद्र कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जल मौजूद रहे।

## 25 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जालौन दौरा

लोक तंत्र की आवाज

**उरई।** जालौन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जुलाई को जनपद जालौन के दौरे पर रहेंगे। अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री जनपद वासियों को लगभग ₹1,200 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास की बड़ी सौगात देंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री दोपहर 12:40 बजे जालौन के जिला मुख्यालय उरई पहुंचेंगे और यहां लगभग 2 घंटे रुकेंगे। इस दौरान वे उरई स्थित इंदिरा स्टेडियम में आयोजित एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार ने खुद इंदिरा स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रशासन की ओर से कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर लगभग सभी इंजामात पूरे कर लिए गए समाचार लिखे जाने तक, सीएम योगी का जनपद जालौन दौरा आज दोपहर 12.40 बजे सीएम पहुंचेंगे उरई, स्पोर्ट ग्राउंड में सीएम योगी की जनसभा, विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास, 374 परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण, जिले को देंगे 1273.97 करोड़ की सौगात,

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने बताया कि मा० मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी का दिनांक 25.07.2026 का जनपद- जालौन का भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत अपराह्न 12:40 बजे आगमन हैलीपैड पुलिस

### ■ 1,200 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को देंगे सौगात

लाइन जालौन, अपराह्न 12:45 बजे आगमन कार्यक्रम स्थल डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ग्राउण्ड निकट राजकीय मेडिकल कॉलेज जनपद जालौन, अपराह्न 12:45 से 13:45 बजे तक जनपद जालौन की माधौगढ़, सदर एवं कालपी विधानसभाओ की विकास कार्यो के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम तथा जनसभा, अपराह्न 13:45 से 14:45 बजे तक आरक्षित, अपराह्न 14:45 बजे प्रस्थान कार्यक्रम स्थल डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ग्राउंड निकट राजकीय मेडिकल कॉलेज जनपद जालौन, अपराह्न 14:50 बजे आगमन हेलीपैड पुलिस लाइन जालौन, अपराह्न 14:50 बजे प्रस्थान हेलीपैड पुलिस लाइन जालौन। वही जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुख्य मंत्री के आगमन को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई ।

## युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष यशवीर सूरा पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फागी थाने में सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज



**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/जयपुर।** युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष (कार्यकारी) राजस्थान यशवीर सूरा पर 16 जुलाई को हुए कथित हमले के मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को मालपुरा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फागी थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से घटना में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने तथा गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि 16 जुलाई 2026 की शाम को यशवीर सूरा डिग्गी नगर में आयोजित एक कार्यक्रम से जयपुर लौट रहे थे। आरोप है कि फागी के निकट कुछ असामाजिक तत्वों ने स्वागत के बहाने उनकी गाड़ी रुकवाई और कार्यकर्ताओं की आड़ लेकर धक्का-मुक्की करते हुए उन पर सुनियोजित हमला किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस घटना का उद्देश्य उनकी जान-माल की सुरक्षा और राजनीतिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना था। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि एक सप्ताह के भीतर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। डिग्गी कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रताप सिंह डबली बन्ना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फागी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर, प्रकाश डेचवास, निर्मल पुरी कलमंडा, खुशीराम गुर्जर (घासीपुरा), हनुमान गुर्जर (चबराना), रोशन प्रजापत (कलमंडा), गोरधन (चबराना), दिनेश जाट (कड़ीला), रामस्वरूप गुर्जर (घासीपुरा) सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी और न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## कुरेडा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा की जगह बच्चों से कार धुलवाने का आरोप, शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

लोकतंत्र की आवाज





**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/पीपलू।** जिले के पीपलू उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरेडा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुरेडा से शुक्रवार को एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय में कुछ विद्यार्थियों से पढ़ाई कराने के बजाय शिक्षकों की कार पानी से धुलवाई गई। यदि जांच में यह आरोप सही साबित होता है, तो यह शिक्षा व्यवस्था, बच्चों के अधिकारों और शिक्षक की जिम्मेदारी पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करता है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं।अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद के साथ स्कूल भेजते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों से निजी कार्य करवाना न केवल नैतिक रूप से अनुचित है, बल्कि बाल अधिकारों और शिक्षा के उद्देश्य के भी विपरीत है।ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी विद्यालय में विद्यार्थियों से निजी कार्य न करवाया जाए।ग्रामीणों का कहना है कि "शिक्षक का धर्म बच्चों को शिक्षित करना है, उनसे निजी कार्य करवाना नहीं। विद्यालय ज्ञान का मंदिर है, जहां बच्चों का समय केवल शिक्षा, संस्कार और उनके सर्वांगीण विकास में लगना चाहिए।"

फिलहाल यह मामला आरोपों के आधार पर सामने आया है।अब सभी की निगाहें शिक्षा विभाग की जांच और आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सरकारी विद्यालयों की गरिमा बनाए रखने और विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक मानी जा रही है।

## सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण का आरोप-खेत तक पहुंचा बंद होने से किसान ने लगाई न्याय की गुहार

लोकतंत्र की आवाज



**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा उपखण्ड के अलीगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम बांसला निवासी एक किसान ने अपने खेत तक जाने वाले सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी उनियारा एवं तहसीलदार अलीगढ़ सहित पुलिस थाना सोप को ज्ञापन सौंपकर रास्ता खुलवाने की मांग की है।

ज्ञापन में किसान मोजीराम पुत्र बदरीलाल मीणा ने बताया कि उसकी खातेदारी एवं काश्त की भूमि ग्राम बांसला में स्थित है। खेत तक पहुंचने के लिए कई वर्षों से सरकारी सीट (आम) रास्ते का उपयोग किया जा रहा था, जिससे वह कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर सहित अन्य कृषि उपकरण भी खेत तक ले जाता रहा है।

किसान का आरोप है कि पड़ोसी खातेदार राजाराम मीणा, कालूराम एवं उनके परिवार की महिलाओं ने कथित रूप से सरकारी रास्ते पर कांटों की बाड़ लगाकर तथा पक्का निर्माण कर गेट स्थापित कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया है। इससे खेत और खेत पर बने आवासीय मकान तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। पीड़ित किसान ने ज्ञापन में कहा है कि यदि समय रहते रास्ता नहीं

**उपखंड अधिकारी व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सरकारी सीट मार्ग से अतिक्रमण हटाने, रास्ता खुलवाने और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग**

खुलवाया गया तो वह अपनी फसल की देखभाल नहीं कर पाएगा, जिससे फसल खराब होने की आशंका है और उसके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकता है। किसान ने प्रशासन से सरकारी रास्ते से कथित अतिक्रमण हटाकर आवागमन बहाल करने तथा मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन 23 जुलाई 2026 को उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को सौंपा गया, साथ ही पुलिस थाना सोप को भी अतिक्रमण की समस्या से कार्यवाही हेतु अवगत कराया हैं।

## राजस्थान के 69,140 सरकारी स्कूलों में बनेंगे इको क्लब-पर्यावरण संरक्षण के लिए 62.74 करोड़ रुपए मंजूर-टोंक जिले के 1502 स्कूलों को मिलेंगे 1.37 करोड़ रुपए

लोकतंत्र की आवाज

शिवराज बारवाल मीना
टोंक/जयपुर। राज्य के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने सत्र 2026-27 के लिए 'इको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ' के विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत प्रदेश के 69,140 सरकारी विद्यालयों में इको क्लब गठित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के संचालन के लिए विद्यालयों को उनकी श्रेणी के अनुसार 5 हजार से 15 हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस योजना के लिए राज्य सरकार ने 62 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपए (6274.50 लाख रुपए) का बजट स्वीकृत किया है।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, सतत विकास लक्ष्य तथा भारत सरकार के मिशन लाइफ के अनुरूप विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी विकसित की जाएगी। विद्यालयों में पूरे वर्ष जल संरक्षण, पौधरोपण, जैव विविधता संरक्षण, स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त परिसर और अपशिष्ट प्रबंधन जैसी गतिविधियां अनिवार्य रूप से आयोजित होंगी।

विद्यालय श्रेणीवार अनुदान विद्यालय श्रेणी संख्या-प्रति विद्यालय राशि: *प्राथमिक विद्यालय 31,945 - ₹5,000 * उच्च प्राथमिक विद्यालय 18,040 - ₹10,000 * माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय 19,155 - ₹15,000

**टोंक जिले को मिलेगा 1.37 करोड़ रुपए:** टोंक जिले के 641 प्राथमिक, 477 उच्च प्राथमिक तथा 384 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों सहित कुल 1,502 सरकारी स्कूलों को 137.35 लाख रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे। इस राशि का उपयोग इको क्लब गतिविधियों, स्वच्छता अभियान, विद्यार्थियों की सामूहिक गतिविधियों तथा आवश्यक स्टेशनरी सामग्री पर किया जाएगा।

**तीन चरणों में खर्च होगी राशि:** राज्य स्कूल शिक्षा परिषद ने बजट खर्च करने की समय-सीमा भी निर्धारित की है। जुलाई से सितंबर: 40 प्रतिशत, अक्टूबर से दिसंबर: 30 प्रतिशत, जनवरी से मार्च: 30 प्रतिशत। निर्धारित अवधि में राशि का उपयोग नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान भी रखा गया है।

**जुलाई से जून तक चलेगा पर्यावरण गतिविधियों का कैलेंडर:** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार जुलाई में वन महोत्सव एवं जल संरक्षण अभियान, अगस्त में प्लास्टिक मुक्त विद्यालय अभियान, सितंबर में स्वच्छता एवं ओजोन दिवस, अक्टूबर में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह, नवंबर में जैव विविधता गतिविधियां तथा दिसंबर में अपशिष्ट प्रबंधन कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। जनवरी से जून तक भी किचन गार्डन, औषधीय वाटिका, पौध संरक्षण, सूखे-गीले कचरे का पृथक्करण, कम्पोस्ट पिट निर्माण, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताएं, नवाचार मेले, जागरूकता रैलियां तथा सड़क सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**पिछले सत्र की राशि भी जारी करने की मांग:** शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने कहा कि इको क्लब योजना से सरकारी विद्यालयों में हरियाली बढ़ेगी और विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित होगी। उन्होंने राज्य स्कूल शिक्षा परिषद से मांग की कि पिछले शिक्षा सत्र में इस मद में जारी नहीं की गई राशि भी अब जारी की जाए, ताकि विद्यालयों को योजनाओं के प्रभावी संचालन में आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।


लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।